●वर्ष : 16 ●अंक : 180 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08
RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक लोकतंत्र की शान
लोकतंत्र का स्तंभ
दिल्ली से प्रकाशित
शनिवार 19 अक्टूबर 2024

# आप को बड़ी राहत! सत्येंद्र जैन को 2 साल बाद जमानत

## सिसोदिया बोले- संविधान जिंदाबाद

**›› कोर्ट परिसर में रो पड़ी जैन की पत्नी**

ईडी ने सत्येंद्र जैन के जमानत का विरोध किया था. लेकिन, कोर्ट ने कहा कि वह पहले ही इतनी लंबी सजा काट चुके हैं. ऐसे में उन्हें जेल में रखना उचित नहीं रहेगा. वहीं, कोर्ट द्वारा जमानत मिलने के बाद अदालत परिसर में मौजूद जैन की पत्नी रो पड़ीं. सत्येंद्र जैन को तिहाड़ जेल आज ही रिहाई को लेकर उनके वकील की ओर कोशिशें जारी है।

नूना न्यूज एजेंसी

**दिल्ली।** सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमानत दे दी है. सत्येंद्र जैन को 30 मई 2022 को एऊने गिरफ्तार किया था. हालांकि, 26 मई 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम जमानत दी थी. अब जमानत के बाद सत्येंद्र जैन की रिहाई की रास्ता साफ हो गया है. मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को जमानत मिलने पर उनकी बेटी श्रेया जैन ने कहा कि हमें हमेशा से पता था कि ऐसा होगा, यह बस समय की बात है. हम बहुत खुश हैं कि अदालत ने हमें न्याय दिया है. लेकिन मुझे लगता है कि इस साल दिवाली हमारे लिए जल्दी आ गई. हम खुश हैं और हम उनका बड़े उत्साह से स्वागत करेंगे।

इस बीच, कोर्ट ने दो टूक कहा कि सत्येंद्र जैन न ही मामले से संबंधित किसी गवाह से मिलेंगे और न ही किसी साक्ष्य को प्रभावित करने का प्रयास करेंगे, और न ही देश से बाहर यात्रा करेंगे. जैन के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल को अब हिरासत में रखने का औचित्य नहीं है. उससे किसी भी प्रकार का उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

सत्येंद्र जैन को ऐसे वक्त में जमानत मिली है, जब दिल्ली में विधानसभा चुनाव में कुछ ही महीने शेष रह गए हैं. चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो चुकी हैं. ऐसी स्थिति में सत्येंद्र जैन के बाहर आने से आम आदमी पार्टी को प्रचार में नई गति मिलेगी। सत्येंद्र जैन को जमानत मिलने पर दिल्ली के पूर्व उट और आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, 'सत्येंद्र जैन को भी दो साल से ज्यादा जेल में रहने के बाद बेल मिल गई. इनका कसूर क्या था? इनके यहां कई कई बार रेड हुई. एक पैसा भी नहीं मिला. इनका कसूर सिर्फ. इतना था कि इन्होंने मोहल्ला क्लिनिक बनाये और दिल्ली के सभी लोगों का पूरा इलाज मुफ्त कर दिया. मोहल्ला क्लिनिक बंद करने के लिए और गरीबों का फ्री इलाज रोकने के लिए मोदी जी ने इन्हें जेल में डाल दिया. लेकिन भगवान हमारे साथ है. आज ये भी रिहा हो गए.'

सत्येंद्र जैन को जमानत मिलने पर आप नेता मनीष सिसोदिया ने एक्स पर लिखा, 'सत्यमेव जयते. देश का संविधान ज़िंदाबाद. तानाशाह की



तानाशाही एक बार फिर तमाचा. झूँठे और बेनुनियाद आरोप लगाकर सत्येंद्र जैन को इतने लंबे समय जेल में रखा. चार बार उनके घर पर रेड की. कुछ मिला नहीं फिर भी का झूठा केस बनाकर जेल में डालकर रखा. देश की न्यायपालिका को सच और न्याय का साथ देने के लिए धन्यवाद।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले केस में दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को जमानत मिलने पर अअढ नेता संजय सिंह ने कहा, 'ये अअढ के एक-एक कार्यकर्ता के लिए बहुत खुशी की खबर है. उन्हें 873 दिन उन्हें जेल में रखा गया, 36 किलो वजन कम हो गया. लेकिन मैं सत्येंद्र जैन के जज्बे को नमन करूंगा. ये आम आदमी पार्टी है. आंदोलन की भट्टी से तपकर हम निकले हैं. मैं हृदय की गहराइयों से सत्येंद्र जैन को बधाई देता हूं. अरविंद केजरीवाल का कारवां दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है. उनकी ताकत दिन प्रतिदिन मजबूत हो रही है।

सत्येंद्र जैन को जमानत मिलने पर आप नेता गोपाल राय ने कहा कि ये दिल्ली के लोगों के लिए खुशखबरी है. कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है. बीजेपी ने दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के काम को रोकने की कोशिश की है. सत्येंद्र जैन को जमानत मिलने पर हमारा हौसला और बढ़ा है. दिल्ली की जनता ने जो आदेश दिया काम करने का, उसको हम पूरा करेंगे. दिल्ली के लोग आगमी विधानसभा चुनाव में अपनी वोट की ताकत दिखाएंगे. अब जनता की अदालत में जाएंगे। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पिछले महीने जमानत दी गई थी, जबकि उनके पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को अगस्त में जमानत दी गई थी. दोनों पर नई शराब नीति तैयार करने में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया गया था।

**›› सत्येंद्र जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप**

एऊने आप नेता सत्येंद्र जैन को कथित तौर पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में 30 मई, 2022 को गिरफ्तार किया था. एजेंसी ने जैन को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 2017 में उनके खिलाफ दर्ज केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार किया था।

## ज्वलंत मुद्दा
## सम्पादकीय



### जम्मू-कश्मीर में महका लोकतंत्र: सरकार से बड़ी उम्मीदें

आखिरकार जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की धूप खिल ही गयी, पांच साल बाद केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिल गयी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है, जो नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। उमर अब्दुल्ला पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है। नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है। जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस भूमिका तक पहुंचाने में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना ऐसे ही प्रयासों की सार्थक निष्पत्ति है। नई सरकार को विकास की चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए आतंकमुक्त कश्मीर के संकल्प को मंजिल तक पहुंचाना होगा। जम्मू एवं कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार का गठन अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेगा बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें। एक समय राज्य में मतदाता डर कर मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे। मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था। इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले। जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संकल्प को सकारात्मक समर्थन दिया है। यद्यपि लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस को कामयाबी नहीं मिल पायी थी।

**SYED ZAKI HAIDER**
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# किस उम्मीद में महाराष्ट्र गए हैं अखिलेश यादव

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव शुक्रवार को अपने दो दिन के महाराष्ट्र दौरे पर नाशिक पहुंचे. यात्रा के दौरान वो महाराष्ट्र में अपनी पार्टी के चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे.इसके अलावा वो विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर महा विकास अघाड़ी (एमबीए) के नेताओं से बातचीत भी कर सकते हैं. अखिलेश ऐसे समय महाराष्ट्र के दौरे पर गए हैं जब एमबीए टिकट बंटवारे को अंतिम रूप देने में लगा हुआ है. ऐसे में देखने वाली बात यह होगी कि एमवीए अखिलेश यादव को कितनी सीटें लड़ने के लिए देता है. सपा ने 2019 के विधानसभा चुनाव में अकेले लड़कर दो सीटों पर जीत दर्ज की थी।

**>> क्या करने महाराष्ट्र गए हैं अखिलेश यादव**

अखिलेश यादव के महाराष्ट्र दौरे से कांग्रेस पर दवाब है. उस पर आरोप लग रहा है कि वह जहां कमजोर होती है, वहां दूसरे दलों से सीटें ले लेती है, लेकिन जहां वह खुद मजबूत होती है, वहां वह दूसरे दलों के जगह नहीं देती है. हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार के बाद इस नैरेटिव ने और जोर पकड़ा है. दरअसल सपा ने हरियाणा में भी कुछ सीटें कांग्रेस से मांगी थीं, लेकिन कांग्रेस ने उसकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया. उससे पहले कुछ ऐसा ही वाकया मध्य प्रदेश के चुनावों में भी हुआ था. इन दोनों ही प्रदेशों में कांग्रेस को हार उठानी पड़ी थी।

सूत्रों के मुताबिक समाजवादी पार्टी ने एमवीए को 12 सीटों की एक सूची सौंपी है, जहां से वह चुनाव लड़ना चाहती है. इस सिलसिले में अखिलेश यादव अपनी महाराष्ट्र यात्रा के दौरान शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) से मुलाकात कर सीट बंटवारे पर चर्चा कर सकते हैं. वो समाजवादी पार्टी के नेताओं से चुनाव तैयारियों को लेकर चर्चा भी करेंगे।

**>> अखिलेश यादव की उम्मीद क्या है**

महाराष्ट्र यात्रा से पहले अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में कहा था कि वो शुक्रवार को महाराष्ट्र की यात्रा पर जा रहे हैं. हमारी कोशिश इंडिया गठबंधन के साथ रहकर चुनाव लड़ने की होगी. हमने कुछ सीटों की मांग की है. अभी हमारे वहां दो विधायक है. लेकिन हमें उम्मीद है कि लड़ने के लिए हमें और सीटें दी जाएंगी और गठबंधन के साथ रहेंगे. अखिलेश यादव शुक्रवार को मालेगांव और शनिवार को धुले में जनसभाओं को संबोधित कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल देवव्रत और केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी की मुलाकात में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर चर्चा

नूना न्यूज एजेंसी

**गुजरात।** के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने अजमेर प्रवास के दौरान शुक्रवार को किशनगढ़ में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के निवास पर पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात एवं चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान दोनों के बीच देश में प्राकृतिक खेती को बड़ा वादा नहीं और किसानों को उसकी तरफ आकर्षित करने के विषय पर गहन चर्चा हुई। प्राकृतिक खेती के प्रबल समर्थक राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी को प्राकृतिक कृषि पद्धति के लाभों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि यह मिट्टी की गुणवत्ता को सुधारने और किसानों की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने राज्यपाल की इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और इस बात पर सहमति व्यक्त की कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सभी हरसंभव कदम उठाए जाने चाहिए। केंद्र सरकार भी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने को लेकर लगातार प्रयासरत है और काम भी कर रही है। कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि मोदी सरकार जीरो बजट प्राकृतिक खेती और परंपरागत कृषि विकास योजना के माध्यम से देश में प्राकृतिक खेती का माहौल बनाकर किसानों को उसे दिशा में आकर्षित करके मदद पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि धरती को रसायनों से मुक्ति दिलाने और देश के नागरिकों को शुद्ध खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिहाज से शून्य लागत में प्राकृतिक खेती एक बड़ा विकल्प बनकर उभर रही है।

# सीएम रहते हुए दाऊद इब्राहिम से मिले थे शदर पवार

## महाराष्ट्र में चुनाव से पहले इस बड़े नेता का सनसनीखेज दावा

नूना न्यूज एजेंसी



**महाराष्ट्र।** वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) प्रमुख प्रकाश अंबेडकर ने सनसनीखेज दावा करते हुए कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (एनसीपी-एसपी) प्रमुख शरद पवार ने एक बार दुबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में दाऊद इब्राहिम से मुलाकात की थी। प्रकाश अंबेडकर ने कहा कि वह आरोप नहीं लगा रहे बल्कि कुछ तथ्य सामने रख रहे हैं। अंबेडकर ने बताया कि शरद पवार 1988 से 1991 तक मुख्यमंत्री थे और उस दौरान उन्होंने विदेश यात्रा की। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि पवार पहले लंदन गए, फिर एक बैठक के लिए कैलिफोर्निया में दो दिन बिताए। उन्होंने कहा कि मैंने कोई आरोप नहीं लगाया है लेकिन मैंने सिर्फ कुछ तथ्य सामने रखे हैं। 1998-1991 तक शरद पवार मुख्यमंत्री थे और उस दौरान वह लंदन गए और फिर एक बैठक के लिए कैलिफोर्निया गए। वह वापस लंदन आए और फिर प्रकाश अंबेडकर ने कहा कि 'वह दुबई गए। उन्होंने दुबई में दाऊद इब्राहिम से मुलाकात की। हम पूछ रहे हैं कि क्या केंद्र सरकार ने इस मुलाकात को मंजूरी दी थी। अंबेडकर ने इस बात पर जोर दिया कि इब्राहिम के साथ पवार की इस मुलाकात की बारीकियों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। अंबेडकर ने आगे कहा कि पवार उस शाम लंदन लौट आए और दो दिन बाद भारत वापस आए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मुख्यमंत्री के रूप में, पवार केंद्र सरकार की मंजूरी के बिना विदेश यात्रा नहीं कर सकते थे। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या केंद्र सरकार ने विशेष रूप से दाऊद के साथ पवार की यात्राओं और बैठकों को मंजूरी दी थी, और क्या इन बैठकों की कोई रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी गई थी।

# सत्येन्द्र जैन को बेल देते हुए कोर्ट ने लगाई कौन सी 3 शर्तें

## जमानत मिलने पर कहा- सत्यमेव जयते

नूना न्यूज एजेंसी



**दिल्ली।** आप नेता और दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार होने के दो साल बाद जमानत दे दी गई। दिल्ली की एक अदालत ने जैन की 18 महीने की लंबी कैद का हवाला देते हुए कहा कि मुकदमा अभी तक शुरू नहीं हुआ है, खत्म होने की बात तो दूर है। जमानत देते समय राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसौदिया के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी हवाला दिया, जिसमें त्वरित सुनवाई के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में जोर दिया गया था। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत मिलने के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन ने सत्यमेव जयते कहा है। सत्येन्द्र जैन को जमानत मिलने के बाद सत्येन्द्र जैन की पत्नी पूनम जैन ने कहा कि मैं अदालत और न्यायपालिका को धन्यवाद देती हूं। यह कठिन था लेकिन हमें विश्वास था क्योंकि उन्होंने अपने पूरे जीवन में कुछ भी गलत नहीं किया है। हम लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे। उनके लिए यह राजनीति नहीं है, वह एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। सत्येंद्र जैन को कोर्ट ने जमानत 50 हजार के निजी मुचलके पर दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने तीन शर्तों भी लगाई हैं। सत्येंद्र जैन मामले से जुड़े किसी भी गवाह या व्यक्ति से संपर्क नहीं कर सकेंगे। दूसरी वो किसी भी तरह से मुकदमे को प्रभावित नहीं करेंगे। इसके अलावा आप नेता को अदालत की पूर्व अनुमति के बिना भारत से बाहर यात्रा करने पर रोक रहेगी। आम आदमी पार्टी (आप) नेता को कथित तौर पर उनसे जुड़ी चार फर्जी कंपनियों के माध्यम से धन शोधन के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 30 मई, 2022 को गिरफ्तार किया था। अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए व्यक्तिगत स्वतंत्रता के महत्व को बताया, खासकर जब पीएमएलए जैसे कड़े कानूनों द्वारा शासित मामलों की बात आती है। अदालत का आदेश काफी हद तक मनीष सिसौदिया मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर निर्भर था, जिसने त्वरित सुनवाई के अधिकार के संबंध में एक मिसाल कायम की।

# यूक्रेन युद्ध रोक सकते हैं मोदी तो धुंआ क्यों नहीं?

## पंजाब सीएम भगवंत मान ने पूछा सवाल

नूना न्यूज एजेंसी



**दिल्ली।** की वायु गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है। पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना फिर से फोकस में आ गया है। हालाँकि, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह मुद्दा पूरे उत्तर भारत में फैला हुआ है। इसके बाद मान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर पीएम मोदी यूक्रेन युद्ध को रोक सकते हैं जैसा कि उन्होंने प्रचार में दिखाया, तो क्या वह उत्तर भारत में पराली जलाने और उसके बाद निकलने वाले धुएं को नहीं रोक सकते भगवंत मान ने कहा कि पराली जलाने का मामला किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है. यह पूरे उत्तर भारत का मसला है. यदि प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन युद्ध को रोक सकते हैं जैसा कि उन्होंने विज्ञापन में दिखाया है, तो क्या वे यहां धुआं नहीं रोक सकते उन्हें सभी राज्यों को एक साथ बैठाना चाहिए, मुआवजा देना चाहिए, वैज्ञानिकों को बुलाना चाहिए। अक्टूबर में दिल्ली के आसपास छाई धुंध के लिए पंजाब जिम्मेदार रहा है। बुआई के मौसम से पहले खेत से धान की फसल के अवशेषों को हटाने के लिए किया जाने वाला पराली जलाने से पड़ोसी राज्य दिल्ली में हवा प्रदूषित होती है। भगवंत मान ने कहा कि पंजाब में किसान न तो पराली जलाना चाहते हैं और न ही धान की खेती करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि धान की खेती वैकल्पिक फसल एमएसपी के अभाव में होती है। भगवंत मान ने कहा कि जब धान पैदा होता है तो किसानों की तारीफ होती है, लेकिन पराली का क्या फिर वे जुमार्ना वसूलना चाहते हैं। हमें नहीं पता कि पंजाब का धुआं दिल्ली पहुंचता है या नहीं, लेकिन धुआं सबसे पहले किसान और उसके गांव को नुकसान पहुंचाता है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य किसानों के लिए मुआवजे की मांग कर रहा है ताकि पराली जलाने पर रोक लगाई जा सके, लेकिन केंद्र ने उनसे इसके बजाय किसानों को इस प्रथा के खिलाफ प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रोत्साहन से काम नहीं चलता, व्यावहारिक कदम उठाने की जरूरत है।

# नारायण साईं को हाई कोर्ट से जमानत

## जोधपुर जेल में बंद पिता आसाराम से 11 साल बाद होगी मुलाकात

नूना न्यूज एजेंसी





**जोधपुर।** बलात्कार के मामले में सूरत जेल में सजा काट रहे नारायण साईं को जोधपुर जेल में अपने बुजुर्ग पिता आसाराम से मिलने की इजाजत दे दी गई है। आसाराम की बढ़ती उम्र को देखते हुए नारायण साईं ने आसाराम से मिलने के लिए गुजरात हाई कोर्ट में अर्जी दी थी। डबल जज की बेंच की ओर से सकारात्मक जवाब दिया गया है। नारायण साईं अपने पिता आसाराम से जोधपुर जेल में 4 घंटे तक मुलाकात करेंगे।

**>> 11 साल से बेटे और पिता की मुलाकात नहीं हुई है**

आसाराम की बढ़ती उम्र को देखते हुए नारायण साईं ने गुजरात हाई कोर्ट में आसाराम से मिलने के लिए 30 दिन की अंतरिम जमानत मांगी थी। जिसमें कहा गया कि आसाराम 86 साल के हैं। वे वृद्धावस्था संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं। वह जोधपुर जेल में बंद हैं। इससे पहले उन्हें जोधपुर एम्स में भर्ती कराया गया था। फिर उन्हें एक आयुर्वेदिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी तबीयत बिगड़ती जा रही है। दिल का दौरा भी पड़ता है. एंजियोग्राफी से पता चला कि उनकी दो नसों में 90 प्रतिशत ब्लॉक है। उनका हीमोग्लोबिन भी कम था और आंतरिक रक्तस्त्राव भी था। वह मधुमेह और रक्तचाप से पीड़ित हैं। 11 साल से बेटे और पिता की मुलाकात नहीं हुई है। इस याचिका पर मानवता दिखाते हुए डबल जज की बेंच द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया दी गई।

**>> एक एसीपी और पांच पुलिसकर्मियों को हिरासत में लिया जाएगा**

कोर्ट 30 दिन की अंतरिम जमानत देने पर सहमत नहीं हुआ। इसलिए कोर्ट ने आदेश दिया कि नारायण साईं को पुलिस जाप्ते के तहत फ्लाइट से सूरत से जोधपुर जेल ले जाया जाएगा। इसमें एक एसीपी, एक पीएसआई, 2 हेड कांस्टेबल और 2 कांस्टेबल शामिल होंगे। ये सारा खर्च नारायण साईं चुकाएगा।

# हसनपुर के मौसीफ खान का राजस्थान किंग्स में चयन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** नगर हसनपुर के निवासी मौसीफ खान का नोएडा में होने वाली प्रीमियर क्रिकेट लीग में राजस्थान किंग की तरफ से चयन हो गया है, जो की प्रीमियर लीग 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक शहीद विजय कंपलेक्स नोएडा में आयोजित की जा रही है, बताया जाता है कि इन्हीं प्रीमियर लीग के क्रिकेट खिलाड़ियों में से चुनकर आईपीएल के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, मौसीफ खान हसनपुर जनपद अमरोहा के उभरते हुए क्रिकेट के सितारे हैं जो पिछले लगभग 5 वर्षों से लगातार विदेशी सर जमीन पर हिंदुस्तान का नाम रोशन कर रहे हैं' मौसीफ खान मलेशिया, दुबई, ओमान, आबू धाबी जैसे मुल्कों में क्रिकेट टूनार्मेंट खेल कर हिंदुस्तान का नाम रोशन कर चुके हैं, राजस्थान किंग्स की तरफ से मौसीफ खान का चयन होने पर नगर में खुशी की लहर दौड़ गई, बताया जाता है की मौसीफ खान एक बेहतरीन खिलाड़ी के साथ-साथ एक बेहतरीन इंसान भी हैं जो नौजवान दोस्तों में अपनी अच्छी पकड़ रखते हैं तथा नगर हसनपुर में जनता के दिलों की धड़कन बने हुए हैं' क्रिकेट प्रेमी उनकी सादगी और उनके मिलनसार व्यवहार से बेइंतहा प्रभावित है,क्रिकेट में बड़ा मुकाम हासिल करने के बाद भी वह सादे तरीके से ही शहर में घूमते रहते हैं तथा लोगों के बीच बैठते हैं जो कि उनके लिए एक चर्चा का विषय बना रहता है, यही कारण है कि नगर लोगों को जब इस बात का ज्ञात हुआ कि मौसीफ खान का चयन राजस्थान किंग्स क्रिकेट टीम के लिए हुआ है' तो लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई तथा उनके उनके चाहने वालों ने एक दूसरे को मिठाई बाटी ' लोगों का कहना है कि अब वह दिन दूर नहीं जब भारत की तरफ से अंतरराष्ट्रीय टीम में खेलकर खेल कर मौसीफ खान हसनपुर का नाम तमाम दुनिया के अंदर रोशन करेंगे, वही मौसीफ खान के आवास पर उनके परिवार जनों को लोग बधाई देते हुए नजर आए।

# सर्वसम्मति से उपसभापति चुने गए राम किशोर सिंह चौहान

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** शुक्रवार को दि किसान सहकारी चीनी मिल के उपसभापति का चुनाव चीनी मिल परिसर में हुआ जिसमें दि किसान सहकारी चीनी मिल हसनपुर का रामकिशोर सिंह चौहान को सर्व सम्मति से उपसभापति चुन लिया गय, भाजपा कार्यकताओं व गढ़ माननीय लोगों ने रामकिशोर सिंह चौहान के उपसभापति चुने जाने पर उपसभापति को फूल मालाओं से लाद दिया, बता ते चले कि शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रामकिशोर सिंह चौहान का दि किसान सरकारी चीनी मिल के उपसभापति पद पर नामांकन कराने के लिए विधान परिषद के सदस्य डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों, हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी चीनी मिल पहुंच गये, ज्ञात रहे की पूर्व में चीनी मिल में 11 के 11 निदेशक भाजपा समर्थित चुन लिए गये थे। इसलिए किसी ने भी राम किशोर सिंह चौहान के सामने उपसभापति पद का चुनाव लड़ने की कोशिश नहीं की तथा रामकिशोर सिंह चौहान को दि किसान सहकारी चीनी मिल हसनपुर का निर्विरोध उपसभापति चुन लिया गया, रामकिशोर सिंह चौहान के चीनी मिल का उपसभापति बनने पर भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकताओं ने मिठाई का वितरण करते हुए उपसभापति को फूल मालाओं से लाद दिया, वही मिल के पूर्व उपसभापति लायक राम सिंह की पत्नी रामरती व भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह, सतेंद्र त्यागी, सोपान पेसल, देवकी नंदन, धर्म सिंह, राजू, श्रीमती अंजू, रविता रानी, आनंद कुमार को निर्विरोध निदेशक चुने जाने पर प्रमाण पत्र दिये गये। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख पुत्र मुदित गुर्जर, प्रधान बंटी चौहान, सोनू चौहान, मधुसूदन राणा टायर वाले आदि मौजूद रहे।

# झम्मनलाल पी जी कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शुक्रवार को नगर के झम्मन लाल महाविद्यालय में करवा चौथ के उपलक्ष में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन गृह विज्ञान विभाग में विभागाअध्यक्ष डॉक्टर उर्वशी तथा मिस निगहत परवीन के निर्देशन में आयोजित किया गया, मेहंदी प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने बड़ चढ़कर कर भाग लिया, इस मौके पर विद्यालय के निदेशक गोपाल सक्सेना ने कहा कि करवा चौथ का त्यौहार बहुत ही महत्वपूर्ण त्यौहार है उन्होंने कहा कि करवा चौथ का त्यौहार महिलाओं के सम्मान का त्यौहार है क्योंकि महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए करवा चौथ का व्रत करती हैं यह एक कठिन व्रत है, वहीं उन्होंने मेहंदी प्रतियोगिता में विजई छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की, मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम शिल्पा, द्वितीय काजल तथा अल्फिया तृतीय स्थान पर रही, वही निर्णायक मंडल में डॉक्टर वीरवाला, डॉक्टर हिरदेश कुमार, डॉक्टर गौरव शर्मा शामिल रहे, इस मौके पर मुशरद अली, शिवानी चौहान एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश है यूपी, पूरा होगा OTDE का संकल्प: मुख्यमंत्री



* मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों, अब तक के परिणामों और भावी नीति पर विमर्श किया। बैठक में विभिन्न मंत्रीगणों, शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों, सलाहकारों, विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी 10 सेक्टरों में जारी कार्यों की समीक्षा की। कंसल्टिंग एजेंसी डेलॉयट इंडिया ने विस्तार से प्रदेश के आर्थिक परिवेश की वर्तमान स्थिति और संभावित भावी परिणाम, उद्योग जगत की अपेक्षाओं आदि के संबंध में सेक्टरवार विस्तार से जानकारी दी। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए प्रमुख दिशा-निर्देश....

* विगत 07 वर्षों के नियोजित प्रयासों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज सार्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी ?16.45 लाख करोड़ थी जो आज 2023-24 में 25.48 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। इस वर्ष हमारा GSDP लक्ष्य ?32 लाख करोड़ का है। सभी के सहयोग से यह लक्ष्य भी पूरा होगा। इन 07 वर्षों में GDP और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक हुई है। उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है।

* सेक्टरवार विकास के हमारे प्रयासों के आशातीत परिणाम मिल रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अलग-अलग सेक्टरों के लिए सकल मूल्य वर्धन (GVA) का जो लक्ष्य रखा गया, उसके सापेक्ष अधिक वृद्धि देखी गई है। कृषि और सहायक सेक्टर के लिए अनुमानित GVA 5.85 लाख करोड़ के सापेक्ष 5.98 लाख करोड़, विनिर्माण के 2.48 लाख करोड़ के सापेक्ष 2.79 लाख करोड़, ट्रांसपोर्ट, स्टोरेज और कम्युनिकेशन के अनुमानित GVA के सापेक्ष 129% की वृद्धि दर्ज की गई है। स्पष्ट है व्यापार, होटल, परिवहन और प्रसारण से संबंधित संचार सेवाओं की वृद्धि दर में तेजी आई है। ऐसे ही हाल अन्य सेक्टरों में भी है। ओवरऑल 2023-24 में राज्य के लिए अनुमानित GSVA 23 लाख करोड़ के सापेक्ष सकल मूल्य वर्धन 23.24 लाख करोड़ रहा है। यह स्थिति अर्थव्यवस्था की बेहतर स्थिति को प्रदर्शित करती है।

* $1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था (OTDE) के लक्ष्य की प्राप्ति में सभी विभागों की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह लक्ष्य बड़ा है। पिछले वर्ष का रिपोर्ट कार्ड भी विभागों की सक्रियता को प्रदर्शित करता है। हमारी नीति और नियोजन सही है। आवश्यकता है बड़े लक्ष्य के लिए अपनी स्पीड तेज करने की जरूरत है। इसकी रेग्युलर मॉनीटरिंग होनी चाहिए। इसके लिए हर विभाग में इसके लिए एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। नोडल अधिकारी साप्ताहिक, प्रमुख सचिव स्तर पर पाक्षिक और विभागीय मंत्री के स्तर पर मासिक समीक्षा बैठक की जाए।

* आंकड़ों का संग्रहण शुद्धता के साथ होना आवश्यक है। इसके लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) से संवाद-समन्वय बनाएं। उनके अनुभवों का लाभ लें। सही आकलन के लिए विभागवार सांख्यकीय अधिकारियों के लिए कार्यशाला/प्रशिक्षण का आयोजन करें। डेटा जितना शुद्ध होगा, लक्ष्य के लिए हम उतना ही बेहतर प्रयास कर सकेंगे।

* 2023-24 में प्रदेश का कम्पाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट (CAGR) लगभग 16% दर्ज किया गया है। यह स्थिति उत्साहजनक है। वर्तमान वर्ष के लिए 25% का लक्ष्य है। सभी विभागों को अपने प्रयास तेज करने होंगे। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है। सभी को मिलकर सही नीति और नियोजित क्रियान्वयन के लिए प्रयास करना होगा।

* हर सेक्टर में अवसर हैं, हमें नवाचारों को बढ़ावा देना होगा। कृषि सेक्टर में सीड इकोसिस्टम को बेहतर करना होगा, इसके लिए सीड पार्क जैसे प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता है। किसानों को दलहन, तिलहन, मिलेट अन्न की बोआई के लिए प्रोत्साहित करते हुए फसल विविधीकरण एवं बेहतर सप्लाई चेन मैनेजमेंट और बेहतर करने की आवश्यकता है।

* अनाज, फल और सब्जियों के उत्पादन की वृद्धि दर को दोगुनी तेजी देने के लिए ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। हार्टिकल्चर में 'पर 'ब्लॉक-वन क्रॉप' जैसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। किसानों को प्रशिक्षित करें, संसाधन उपलब्ध कराएं, नवाचारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

* रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रान्सफार्म के मंत्र का अर्थव्यवस्था के द्वितीयक खंड सबसे अच्छा परिणाम देखने को मिला है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की तेज वृद्धि दर उत्साहित करने वाली है। भविष्य की जरूरतों के दृष्टिगत लैंडबैंक के विस्तार, नीतिगत सुधार और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अपने प्रयासों को तेज करना होगा। अनेक निवेशक उत्तर प्रदेश में आने के लिए तैयार हैं। टेक्सटाइल पार्क, सोलर पार्क, प्लेज पार्क के अनेक प्रस्ताव मिल रहे हैं। हमें इस अनुकूल अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

* औद्योगिक परियोजनाओं के लिए भूमि की आवश्यकता होगी। सभी को अतिरिक्त प्रयास करना होगा। ग्राम समाज की भूमि औद्योगिक विकास और एमएसएमई के उपयोग में लाने की व्यवस्था की गई है। लैंड पूलिंग पॉलिसी को और बेहतर किया जाना चाहिए। ऐसी भूमि जो आवंटित है लेकिन उपयोग नहीं की जा रही है, उनका चिन्हांकन करें। उनके बारे में यथोचित निर्णय लें। 'सिक यूनिट' की पहचान कर उनके सदुपयोग के बारे में निर्णय लें। इंडस्ट्रियल क्लस्टर की कार्ययोजना को आगे बढ़ाया जाए।

* इन्वेस्टमेंट और भूमि अधिग्रहण से जुड़े प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए। इसके लिए जिलाधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। टड्डव२ को धरातल पर उतारें। विभिन्न एप्रूवल की प्रक्रियाओं को समयबद्ध करना होगा, तय समय सीमा के बीतने के बाद एप्रूवल की डीम्ड मान लिया जाना चाहिए। पब्लिक ग्रीवांस सिस्टम को और लाभकारी बनाया जाने की आवश्यकता है।

* OTDE के लिए हमें निजी और सार्वजनिक निवेश को और बढ़ाना होगा। निवेशकों से संपर्क-संवाद का क्रम जारी रखना चाहिए। नए सेक्टर-नए निवेशकों से भी संवाद करें। उन्हें प्रदेश की यूएसपी से अवगत करायें। इन्वेस्टर आउटरीच को और बेहतर करने की आवश्यकता है। सिंगल विंडो प्रणाली को और सरल तथा अधिक पारदर्शी बनाया जाए।

* ऊर्जा सेक्टर को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर काम करने की जरूरत है। गैर पारंपरिक ऊर्जा विकल्पों को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने नीति जारी की है। हमें सोलर और बायो मास सेक्टर में निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। हमें सोलर एनर्जी कैपेसिटी को बढाने पर काम करने की जरूरत है। प्रदेश में पीएम सूर्य घर योजना का कवरेज बढाने का प्रयास करें।

? होटल/रेस्टोरेंट, ट्रान्सपोर्ट, संचार, रियल एस्टेट, प्रोफेशनल सर्विस, व अन्य सेवाओं वाले तृतीयक खंड में प्रदेश तेजी से तरक्की कर रहा है। अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, काशी, प्रयागराज, नैमिषारण्य इसके महत्वपूर्ण केंद्र हैं। विगत 07 वर्षों में यहां व्यापक परिवर्तन हुआ है। टूरिस्ट फुटफॉल अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है। वर्तमान वर्ष में अब तक 62 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन हो चुका है।यह टूरिस्ट फुटफॉल लोकल इकॉनमी को बढ़ावा देने वाला है। अगले वर्ष प्रयागराज महाकुंभ का आयोजन है। यह पूरे प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बड़ा असर डालने वाला होगा। नैमिषारण्य, विंध्यधाम जैसे केंद्रों को चिन्हित कर उनकी बेहतर ब्रांडिंग करनी चाहिए। बौद्ध सर्किट का संबंधित देशों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। पर्यटन स्थलों पर जनसुविधाएं और बेहतर की जाएं।

* आईटी सेक्टर को उद्योग का दर्जा दिया गया है। गौतमबुद्ध नगर आज आईटी/आईटीईइस का ग्लोबल हब बन कर उभरा है। प्रदेश में IT/ITeS टेस्टिंग सेंटर की स्थापना का प्रयास करें। लखनऊ में अक City की भूमि चिन्हित की जा चुकी है, इससे संबंधित पॉलिसी यथाशीघ्र लाई जाए। परियोजना पर काम तेज किया जाना चाहिए। हमें ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग, ट्रेनिंग के लिए भी प्रस्ताव मिले हैं, इसकी बेहतर संभावनाओं का लाभ लेने के लिए हमें यथाशीघ्र अपनी ड्रोन पॉलिसी लागू करनी चाहिए। स्टार्ट अप पंजीकरण के लिए कानपुर के साथ-साथ नोएडा में भी सुविधा कार्यालय प्रारंभ कराया जाए।

* परिवहन सेक्टर की बेहतरी के लिए ठोस प्रयास किये जाने चाहिए। असेवित क्षेत्रों के लिए बसों का संचालन करें। निजी क्षेत्र का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। जल मार्ग परिवहन संबंधित प्राधिकरण का गठन किया गया है, इस दिशा में भी आने वाले दिनों में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

* हॉस्पिटल, हाउसिंग और होटल के लिए निजी क्षेत्र की ओर से बड़े प्रस्ताव मिल रहे हैं। आने वाले दिनों में इस सेक्टर में और अधिक तेजी देखने को मिलेगी। नियमों को सरल करें, व्यवहारिकता का ध्यान रखें। निवेशकों की अपेक्षाओं को समझें। यह पूरा सेक्टर अर्थव्यवस्था को बेहतर करने के साथ-साथ ईज ऑफ लिविंग की दृष्टि से भी उपयोगी सिद्ध होगा।

* OTDE के लिए हर विभाग का लक्ष्य पहले से ही निर्धारित है। इसकी प्रगति की सतत समीक्षा आवश्यक है। हर विभाग की कैपेसिटी बिल्डिंग की जरूरत है। रिफॉर्म की कार्ययोजना तैयार करें, लागू करें। हर काम की समयसीमा तय करें। यही प्रदेश है जहां 2016-17 में एक्साइज से मात्र 12 हजार करोड़ का राजस्व मिलता था आज 52 हजार करोड़ का राजस्व मिलता है। यानी कमी सामर्थ्य की नहीं, इच्छाशक्ति की थी।

*आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के लिए नगर निकायों व ग्राम पंचायतों का आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। इनके आय संवर्धन के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। गांव हो या कस्बे, हर जगह आम आदमी को अच्छी सड़क, शुद्ध पेयजल, बेहतर जनसुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। आकांक्षात्मक जनपद और आकांक्षात्मक विकासखंड की प्रगति की लगातार समीक्षा की जाए, जहां कमी हो, उसे दूर किया जाए।

# हजरतगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता



**लखनऊ** छः वर्षो से वांटेड इनामिया अपराधी अरुण यादव को किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त अरुण ने बेरोजगार युवकों से सरकारी नौकरी के नाम पर करोडो रुपए वसूल कर कूटरचित फर्जी नियुक्ति पत्र दें कर हुआ था फरार । कई साल से अपने ठिकाने बदल कर छिपता रहा । पुलिस की सक्रियता के चलते पहुंचा सलाखों के पीछे, आज भी नियुक्ति देने के नाम पर पैसा लेने लखनऊ आया था । 2018 के मुकदमे मे चल रहा था वांटेड। डी सी पी सेंट्रल ने 10000 का इनाम घोषित कर रखा था।

# महापौर द्वारा अग्निशमन अधिकारियों व कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**लखनऊ।** महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी द्वारा अग्निशमन तथा आपात सेवा लखनऊ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दिनांक 7.9.2024 को अग्निशमन केंद्र सरोजिनी नगर लखनऊ क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में घटित रेस्क्यू कांड की घटना में भवन के आसपास विषम परिस्थितियों में फंसे 50 से 60 लोगों को रेस्क्यू करते हुए एवं भवन के मलबे के अंदर पूरी तरह फंसे 29 लोगों को अपनी जान की परवाह किए बगैर उनके अमूल्य जीवन को बचाए जाने के उपलक्ष्य में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया सम्मानित हुए लोगो में मंगेश कुमार मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ, पुष्पेंद्र कुमार प्रभारी अग्निशमन अधिकारी चौक, सुमित प्रताप सिंह अग्निशमन अधिकारी सरोजनी नगर, धर्मपाल सिंह प्रभारी अग्निशमन अधिकारी आलमबाग, संजय कुमार फायरमैन हजरतगंज शामिल रहे । महापौर द्वारा सभी को सम्मानित करने के उपरांत उनका उत्साहवर्धन कर उनका धन्यवाद किया गया। उन्होंने कहा कि हादसे में फंसे लोगों के लिए अग्निशमन विभाग के जिम्मेदार लोग वरदान साबित हुए और घटना में फंसे लोगों को जीवनदान देने का कार्य आप सभी के द्वारा किया गया है जो अत्यंत वीरता से भरा हुआ सराहनीय कार्य है।

# अक्षयवट की पूजा के बिना नहीं मिलता संगम स्नान का फल




**प्रयागराज, 18 अक्टूबर :** महाकुंभ-2025 को लेकर योगी सरकार प्रयागराज के तीर्थों का कायाकल्प करने में युद्धस्तर पर जुटी है। श्रद्धालुओं को कुंभनगरी की भव्यता और नव्यता का दिव्य दर्शन करवाने के लिए प्रदेश सरकार ने भारी भरकम बजट का ऐलान किया है। अक्षयवट का बड़ा पौराणिक महत्व है। मान्यता के अनुसार संगम स्नान के पश्चात 300 वर्ष पुराने इस वृक्ष के दर्शन करने के बाद ही स्नान का फल मिलता है। इसीलिए तीर्थराज आने वाले श्रद्धालु एवं साधु संत संगम में स्नान करने के बाद इस अक्षयवट के दर्शन करने जाते हैं। जिसके बाद ही उनकी मान्यताएं पूरी होती हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी अक्षयवट कॉरिडोर सौंदर्यीकरण योजना का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।महाकुंभ के दौरान यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह स्थान आस्था का प्रमुख केंद्र होगा।

रामायण, रघुवंश और ह्वेनत्सांग के यात्रा वृत्तांत में भी अक्षय UMX का जिक्र

प्रभु श्रीराम वन जाते समय संगमनगरी में भरद्वाज मुनि के आश्रम में जैसे ही पहुंचे उन्हें, मुनि ने वटवृक्ष का महत्व बताया था। मान्यता के अनुसार माता सीता ने वटवृक्ष को आशीर्वाद दिया था। तभी प्रलय के समय जब पृथ्वी डूब गई तो वट का एक वृक्ष बच गया, जिसे हम अक्षयवट के नाम से जानते हैं। महाकवि कालिदास के रघुवंश और चीनी यात्री ह्वेनत्सांग के यात्रा वृत्तांत में भी अक्षय वट का जिक्र किया गया है। कहा जाता है कि अक्षयवट के दर्शन मात्र से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। भारत में चार प्राचीन वट वृक्ष माने जाते हैं। अक्षयवट- प्रयागराज, गृद्धवट-सोरों 'शूकरक्षेत्र', सिद्धवट- उज्जैन एवं वंशीवट- वृंदावन शामिल हैं।

मुगलकाल में रहा प्रतिबंध

यमुना तट पर अकबर के किले में अक्षयवट स्थित है। मुगलकाल में इसके दर्शन पर प्रतिबंध था। ब्रिटिश काल और आजाद भारत में भी किला सेना के आधिपत्य में रहने के कारण वृक्ष का दर्शन दुर्लभ था।

योगी सरकार ने आम लोगों के लिए खोला था दर्शन का रास्ता

योगी सरकार ने विगत 2018 में अक्षयवट का दर्शन व पूजन करने के लिए इसे आम लोगों के लिए खोल दिया था। पौराणिक महत्व के तीर्थों के लिए योगी सरकार की ओर से कई विकास परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। यहां कॉरिडोर का भी कार्य चल रहा है।

काटने और जलाने के बाद भी पुनः अपने स्वरूप में आ जाता था वट वृक्ष

अयोध्या से प्रयागराज पहुंचे प्रसिद्ध संत और श्री राम जानकी महल के प्रमुख स्वामी दिलीप दास त्यागी ने बताया कि अक्षय वट का अस्तित्व समाप्त करने के लिए मुगल काल में तमाम तरीके अपनाए गए। उसे काटकर दर्जनों बार जलाया गया, लेकिन ऐसा करने वाले असफल रहे। काटने व जलाने के कुछ माह बाद अक्षयवट पुनः अपने स्वरूप में आ जाता था। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने अक्षय वट को लेकर जो सौंदर्यीकरण और विकास कार्य शुरू किए हैं वो स्वागतयोग्य हैं। महाकुंभ में संगम स्नान के बाद इसके दर्शन से श्रद्धालुओं को पुण्य प्राप्त होगा।

# पीएमश्री विद्यालयों के बच्चों के अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर रही योगी सरकार

**लखनऊ, 18 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पीएमश्री (प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) योजना के तहत शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत प्रदेश के चिन्हित सभी 724 पीएमश्री विद्यालयों में अध्ययनरत दो लाख 70 हजार से अधिक बच्चों के हित से जुड़े एसएमसी (स्कूल प्रबंध समिति) के सदस्यों, ग्राम प्रधानों, शिक्षकों और स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना और उनके बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है।

इन बैठकों का आयोजन शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों द्वारा किया जा रहा है, जहाँ अभिभावकों को विशेष रूप से उनके बच्चों की पढ़ाई में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की जा रही है।

**प्रदेश में चयनित हैं 724 पीएमश्री विद्यालय**

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों (प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट) में से 724 विद्यालयों को पीएमश्री विद्यालयों के रूप में चयनित किया है, जिनमें दो लाख 70 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। सरकार का लक्ष्य है कि इन दो लाख 70 हजार विद्यार्थियों के अभिभावकों से संपर्क साधा जाए और उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा व उनकी नियमित उपस्थिति के महत्व से अवगत कराया जाए।

बैठकों में ड्रॉपआउट बच्चों के अभिभावको से संपर्क कर वापस स्कूल लाने की रणनीति पर विचार

इन बैठकों में स्कूल छोड़ने वाले (ड्रॉपआउट) बच्चों के अभिभावक से संपर्क कर स्कूल वापस लाने की रणनीति पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही, अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों की निगरानी और नियमित रूप से स्कूल आने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने का कार्य भी सक्रिय रूप से चल रहा है।

**शिक्षक कर रहे हैं बैठक से पूर्व यह तैयारी**

पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षक इस कार्य में बेहद संवेदनशीलता के साथ जुटे हुए हैं। वे बैठकों से पहले संभावित ड्रॉपआउट बच्चों, प्रायः अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों और शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों की सूचियाँ तैयार कर रहे हैं। इसके अलावा, डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के तहत यूनिफॉर्म और अन्य लाभ प्राप्त कर चुके बच्चों की सूची भी बनाई जा रही है, ताकि विद्यार्थियों की शैक्षिक स्थिति का बेहतर तरीके से आकलन किया जा सके।

**अभिभावकों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क में हैं शिक्षकः संदीप सिंह**

इस संबंध में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि इन बैठकों में एसएमसी के सदस्यों, ग्राम प्रधानों और स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य और शिक्षक व्यक्तिगत रूप से अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें इन बैठकों में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

# ऐप बेस्ड वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम बनेगा जल प्रबंधन का आधार

**लखनऊ, 18 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जनवरी 2025 में शुरू होने वाले महाकुंभ को लेकर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में तेजी ला रही है। सीएम योगी का विजन है कि महाकुंभ दिव्य व भव्य होने के साथ ही आधुनिक तकनीक का समावेश करते हुए नव्य स्वरूप में श्रद्धालुओं व पर्यटकों के समक्ष प्रदर्शित हो। ऐसे में, योगी सरकार द्वारा महाकुंभ मेला क्षेत्र को नवीन सुविधाओं से युक्त करने के साथ ही पूरे प्रयागराज में तमाम इनोवेशन व टेक बेस्ड इनीशिएटिव्स को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में, योगी सरकार वेबसाइट व मोबाइल ऐप बेस्ड वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में जल प्रबंधन की प्रक्रिया को पूरा करने पर फोकस कर रही है। यह मोबाइल ऐप बेस्ड वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के लिए निर्मित किया जाएगा जो आधुनिक सुविधाओं युक्त होगा और इसके जरिए जल प्रबंधन की विभिन्न गतिविधियों की निगरानी व पूर्ति जैसे कार्यों को पूरा कर सकेगा। सीएम योगी के विजन अनुसार, इस आधुनिक सुविधा युक्त ऐप बेस्ड सिस्टम के विकास व निर्माण का कार्य यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को सौंपा गया है।

**महाकुंभ और भविष्य की जरूरतों के आधार पर होगा विकास**

परियोजना के अनुसार, महाकुंभ जल निगरानी प्रणाली एक व्यापक समाधान है जो एक वेब पोर्टल और एक मोबाइल एप्लिकेशन को एकीकृत करता है जिसे विभिन्न पूर्वनिर्धारित नियंत्रण बिंदुओं पर जल स्तर की निगरानी और रिपोर्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्रणाली का उद्देश्य डाटा को त्वरित समीक्षा के लिए संक्षिप्त, पूर्व-संगठित प्रारूप में समेकित करना और बढ़े हुए जल स्तर, भारी वर्षा और बाढ़ जैसी स्थितियों के दौरान त्वरित निर्णय लेने की सुविधा प्रदान करना है। यह प्रणाली महाकुंभ आयोजन और भविष्य की विभागीय जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण है। इस प्रणाली को एफिशिएंट रिपोर्टिंग, क्विक डिसीजन मेकिंग, रोल बेस्ड एक्सेसिबिलिटी, अलर्ट व नोटिफिकेशंस, डाटा एनालिसिस व ट्रेंड मॉनिटरिंग तथा वॉटर लेवल ट्रेंड प्रेडिक्शन मैट्रिक्स से लैस किया जाएगा। वहीं, जलस्तर की निगरानी के लिए कंट्रोल प्वॉइंट्स के जीपीएस को-ऑर्डिनेट्स का डाटाबेस तैयार किया जाएगा। साथ ही, भौगोलिक स्थिति के अनुरूप नए कंट्रोल प्वॉइंट्स निर्माण के निर्माण का भी यह आधार बनेगा।

**ऐप व वेबसाइट को इन सुविधाओं से किया जाएगा युक्त...**

- सिक्योर रोल बेस्ड लॉग-इन, रोल स्पेसेफिक डैशबोर्ड व सिक्योर ऑथेंटिकेशन।
- नए कंट्रोल प्वॉइंट्स को बनाने के लिए जीपीएस को-ऑर्डिनेट्स का संकलन, कंट्रोल प्वॉइंट्स की रेगुलर अपडेट्स व लॉग रिपोर्ट तैयार करने में सक्षम होगा।
- ऑटोमैटिक डाटा कंपाइलेशन, कंट्रोल प्वॉइंट्स की जियो टैगिंग, समरी रिपोर्ट तथा अलर्ट व नोटिफिकेशन मैकेनिज्म से युक्त होगा।
- गूगल मैप्स के साथ इंटीग्रेशन आर्क जीआईएस तथा मैप्स पर वन व्यू डाटा की जानकारी, क्लिक एबल्ड मैप मार्कर्स व डेंजर जोन की कंप्लायंस रिपोर्ट का संकलन कर सकेगा।
- यूजर फ्रेंडली इंटरफेस, हाइपरलिंक एक्सटेंशन, ईजी नेविगेशन तथा डीटेल्ड डाटा का एक्सपोर्ट ऑप्शन उपलब्ध कराने में सक्षम होगा।
- मैप पर उपलब्ध जियोग्राफिकल फीचर्स के रोबस्ट फिल्टरिंग मैकेनिज्म को डेवलप करने में सक्षम होगा।
- कंट्रोल प्वॉइंट्स के ट्रेंड एनालिसिस व प्रेडिक्शन मैट्रिक्स लेआउट एनालिसिस के लिए ग्राफ व चार्ट का संकलन उपलब्ध कराएगा।

# बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम के द्वारा पहली बार बिहार फिल्म कॉन्क्लेव का आयोजन बिहार में हुआ।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पटना।** बिहार के पटना स्थित होटल ताज में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग अंतर्गत बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम के द्वारा पहली बार बिहार फिल्म कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन किया गया । कॉन्क्लेव का उद्घघाटन मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के द्वारा सांसद एवं अभिनेता मनोज तिवारी, सांसद एवं अभिनेता रवि किशन, विकास आयुक्त, बिहार चैतन्य प्रसाद, सचिव, कला संस्कृति एवं युवा विभाग सह प्रबंध निदेशक, बिहार फिल्म विकास एवं वित्त निगम, दयानिधान पाण्डेय, महाप्रबंधक, राहुल कुमार, इम्पा के अध्यक्ष अभय सिन्हा, बिजेम्पा के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सुनील कुमार, असीम बजाज, वरीय अभिनेता अखिलेन्द्र मिश्र, विनित कुमार, शक्ति सिन्हा, पंकज झा, कुणाल सिंह, गीतकार राज शेखर, सहित बिहार के सिनेमा की विभिन्न विधाओं में काम करने वाले कलाकारों, निमार्ता निर्देशकों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान गणमान्य अतिथियों के द्वारा बिहार से फिल्म के क्षेत्र में योगदान देने वाले लोगों, शूटिंग के लिए रमणीक स्थानों के बारे में निर्मित कॉफी टेबल बुक बिहार बाईस्कोप का लोकार्पण किया गया। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार लोकतंत्र की जननी है । आज का दिन कला, संस्कृति एवं युवा विभाग और फिल्म निगम के लिए एतिहासिक दिन है, जब यहाँ के कलाकार, फिल्मकार तकनीशियन, और फिल्म से जुड़े लोग यहाँ उपस्थित है। बिहार सामाजिक, सांस्कृतिक, पौराणिक और समृद्ध एतिहासिक परंपरा का केंद्र बिंदु रहा है । यहाँ की मिट्टी के कण कण में इतिहास छुपा है । कला और सस्कृति के संवर्धन में फिल्म इंडस्ट्री की महत्वपूर्ण भूमिका है । इसके माध्यम से जनमानस को जागरूक किया जा सकता है । उन्होंने कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आपमें वो हुनर है जिसके जरिये आप बिहार की विरासत को आगे बढ़ाते हुए पूरे विश्व तक पंहुचा सकते हैं । बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति इस कड़ी में एक कदम है । यह बैठक इस नीति के सुचारू क्रियान्वयन के लिए की गई है ताकि सभी भागीदारों के साथ बात की जा सकें। हम बिहार को फिल्म के लिए एक महत्वपूर्ण गंतव्य बनाना चाहते हैं। सांसद एवं अभिनेता मनोज तिवारी ने कहा कि इस नीति का कितना फायदा होगा, इसको शब्दों में नहीं बताया जा सकता है। मैं सभी निमार्ता एवं निर्देशकों से आग्रह करूँगा कि बिहार में फिल्मों का निर्माण करें और फिल्म की क्वालिटी से समझौता नहीं करें। बिहार में सिनेमा हाल के भी रेनोवेशन की जरुरत है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर बिहार सरकार फिल्म नगरी की घोषणा करें तो हम उसपर स्टूडियो बनाने को तैयार है। सांसद एवं अभिनेता रवि किशन ने कहा कि 20 सालों की यह तपस्या थी, जो आज पूरी हुई । समस्त भोजपुरी सिनेमा की ओर से बिहार सरकार को इसके लिए



धन्यवाद है । यह एक सुनहरा अवसर है । फिल्मों की शूटिंग के लिए सुरक्षा सबसे बड़ी चीज है। रंगकर्मियों के लिए सारी सुविधाएँ राज्य मे ही मिले तो बिहार में भी फिल्में बननी शुरू हो जायेंगी । वन विंडो क्लीयरेंस जरूरी है ताकि उन्हें सारी सुविधाएँ एक स्थान से मिल जाए। विकास आयुक्त, बिहार चैतन्य प्रसाद ने कहा कि बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति का उद्देश्य राज्य को फिल्म निर्माण के एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में विकसित करते हुए राज्य में फिल्म निर्माण हेतु आधारभूत संरचना और रोजगार के अवसरों का विकास करना है । इस नीति के तहत फिल्म निमार्ताओं को राज्य में फिल्मों के अधिकारिक फिल्मांकन हिन्दी एवं क्षेत्रीय भाषा में किये जाने पर कई प्रकार की वित्तीय सहायता/अनुदान दिया जायेगा । अनुदान के रूप में रुपए दो करोड़ से चार करोड़ तक की राशि दी जाएगी जो पूरे देश में सर्वाधिक है। राज्य में फिल्म निर्माण से सम्बंधित विभिन्न आधारभूत संरचनाओं की स्थापना के लिए अनुदान के रूप में अधिकतम 2 करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी । बिहार में निर्मित भोजपुरी, मैथिली, मगही, अंगिका, बज्जिका इत्यादि स्थानीय भाषा की फिल्मों के लिए अनुदान की राशि कुल लागत का अधिकतम 50 प्रतिशत दिया जायेगा। दिसम्बर में हम इसी प्रकार का कार्यक्रम व्यापक स्तर पर मुंबई में करेंगे। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में सचिव, कला संस्कृति एवं युवा विभाग सह प्रबंध निदेशक, बिहार फिल्म विकास एवं वित्त निगम दयानिधान पाण्डेय ने सभी कलाकारों का स्वागत करते हुए कहा कि फिल्म प्रोत्साहन नीति इस वर्ष बिहार सरकार के द्वारा अनुमोदित कर दी गई है। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य आप सबको नीति के बारे में बताना और आपके सुझाओं और बातों को सुनना है। उन्होंने कलाकारों को बिहार में फिल्म निर्माण के लिए आमंत्रित किया और कहा की सरकार आपलोगों को हर प्रकार की सुविधा देने को तैयार है। कार्यक्रम के दौरान बिहार फिल्म विकास एवं वित्त निगम के महाप्रबंधक राहुल कुमार ने फिल्म प्रोत्साहन नीति के बारे में विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने कहा कि फिल्म नीति के अंतर्गत सशक्त समिति सभी प्रकार के निर्णयों के लिए प्राधिकृत होगी । प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता मे 12 अलग अलग विभागों के पदाधिकारी की समिति हैं ताकि शूटिंग की अनुमति तेजी से मिल सकें। साथ ही हमने सब्सिडी के लिए 30 दिन का समय रखा है। राज्य के अध्यनरत छात्रों को सरकार के प्रतिष्ठित फिल्म संस्थानों में पढ़ने के लिए ट्यूशन फी का भुगतान फिल्म निगम के द्वारा सीधे संस्थान को किया जायेगा। इम्पा के अध्यक्ष श्री अभय सिन्हा ने कहा कि इम्पा बहुत ही जल्द पटना में भी एक कार्यालय खोलेगी ताकि कलाकारों को सुविधा हो और मुंबई जाने की जरुरत न पड़ें।

## पश्चिम चंपारण के सिकटा में डब्ल्यूपीयू का उद्घाटन एमएलसी सहित अन्य ने किया।




(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** पश्चिमी चंपारण जिले के सिकटा स्थित पुरैना पंचायत में डब्ल्यूपीयू का उद्घाटन एमएलसी अफाक अहमद बीडीओ अजीत कुमार मनरेगा डीपीओ राजीव कुमार के हाथों संयुक्त रूप से रिबन काट कर किया गया। उद्घाटन पश्चात मुखिया अबरे आलम की अध्यक्षता में एक सभा आयोजित कर पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी लोगों को स्वच्छता से संबंधित बातों से अवगत कराया गया।इस दौरान बीडीओ अजीत कुमार ने कहा पंचायत को स्वच्छ पंचायत बनाने और गीला कचरा,सूखा कचरा अलग,अलग रखना और स्वच्छता कर्मी का सहयोग करने का अपील किया।वही मुखिया अब्रेन आलम ने बताया कि डब्लूपीयू में शौचालय एवं बिजली की व्यवस्था है साथ ही आनेवाले दिनों में ओपन जिम का भी निर्माण किया जाएगा। मौके पर सिकटा प्रमुख मुन्ना सिंह,मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह पंचायत सचिव शिवकांत कुमार पीआरएस वीरेंद्र प्रसाद सहित दर्जनों वार्ड सदस्य एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहें।

## भाजपा का झंडा लगा कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त, बिहार के बगहा का घटना



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बगहा।** बिहार राज्य स्थित पश्चिम चंपारण जिला के बगहा पुलिस जिला अंतर्गत चौतरवा थाना इलाका में शुक्रवार की सुबह चौतरवा पुलिस ने बीजेपी का झंडा लगे एक टाटा स्ट्रोम कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है ।वही पुलिस से बचने के लिए कार चालक हाइवे के बगल में स्थित पड़री गांव में अपनी कार को छोड़कर फरार हो गया है। जिसके बाद मौके पर पहुंची चौतरवा पुलिस ने पड़री गांव से कार को जब्त कर थाने लेकर आए। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए चौतरवा थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बीजेपी का झण्डा लगे एक टाटा स्ट्रोम कार में शराब की बड़ी खेप आ रही है, जिसके आलोक में पुलिस ने बड़ी कार्यवाई करते हुए उक्त कार का पीछा किया,जहां कार चालक ने पुलिस को चकमा देकर थाना क्षेत्र के पड़री गांव में कार खड़ी कर फरार हो गया। चौतरवा थानाध्यक्ष ने बताया कि जप्त कार से 16 सौ बोटल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है ।जिसकी कुल मात्रा 379 लीटर है। चौतरवा थानाध्यक्ष ने बताया कि कार से तीन नम्बर प्लेट भी बरामद किया गया है। जिसके रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस जांच में जुट गई है।

## रामधुन के साथ भक्तों ने लगाई गोरखगिरी की परिक्रमा

■ महोबा

गुरू गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वावधान में गुरुवार की तड़के सुबह शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर ऐतिहासिक गोरखगिरि की परिक्रमा भक्तों द्वारा रामधुन के साथ लगाई गई। भक्तों ने भक्ति और उत्साह के साथ पर्वत की पैदल परिक्रमा लगाकर पुन्य कमाया। परिक्रमा समाप्ति के बाद समिति द्वारा गोष्ठी का आयोजन कर शरद पूर्णिमा, ऐतिहासिक गोरखगिरि पर्वत और चौदह वर्ष के वनवास दौरान भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता के यहां पर आने पर विस्तारण से जानकारी दी गई।




शहर के शिवतांडव स्थित शिव मंदिर से परिक्रमा की शुरुआत की गई जो महावीरन, पठवा के हनुमान, केदारेश्वर महादेव, कबीर आश्रम, सकरे सन्या, छोटी चंडिका, काली माता, शनिदेव मंदिर, नागौरिया व काल भैरव होते हुए वापस शिव मंदिर परिसर में आकर समाप्त हुई। परिक्रमा दौरान श्रद्धालुओं जय श्रीराम, गुरु गोरखनाथ की जय सहित तमाम धार्मिक जयकारे लगाते हुए हाथों में पीले रंग के झंडे लिए चल रहे थे। इस दौरान पुरुषों के अलावा महिलाओं ने भी पैदल चलकर परिक्रमा पर्ण की। समाजसेवी एवं पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिन चंद्रमासोलह कलाओं से युक्त रहता है, इस रात्रि को खीर में चंद्रमा की रोशनी पड़ने से अमृत तुल्य हो जाती है, जिसके सेवन करने से मनुष्य निरोगी रहता है।

समाजसेवी पंकज ने कहा कि भगवान राम सीता व लक्ष्ण इस ऐतिहासिक पर्वत पर चौदह वर्ष के वनवासकाल दौरान यहां पर ठहरे थे, जिसका प्रमाण यहां पर बनी सीतारसोई, रामकुंड हैं। उन्होंने तुलसीकृत कवितावही की 178 वीं0 कविता राम नाम मातु पितु स्वामि समरथ हितु, आस राम ना की भरोसो राम नाम को प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध कर दिया। गोष्ठी दौरान अधिवक्ता सुनीता अनुरागी ने वाल्मीकि जयंती होने के कारण वाल्मीकिय रामायण के राम आदर्श चरि वाले श्लोक सुनाए। अधिवक्ता मुन्नालाल धुरिया ने कहा कि गीता के ज्ञान की नाव में बैठकर महापानी भी भव रुपी सागर से पार हो जाता है। इस मौके पर ओमनारायण शुक्ला, हरीशंकर नायक, गौरीशंकर कोष्ठा, जगदीशचंद्र बहादुर, चंद्रभानश्रीवास, परशुराम, ओमप्रकाश साहू, राकेश चौरसिया, मुन्नालाल अनुराग, वैजनाथ, विनोद सोनी, पप्पू सैन सहितत तमाम माताएं बहने उपस्थित रही।

## छात्रवृत्ति योजना क्रियान्वयन के बारे में छात्र-छात्राओं को दें जानकारी

**दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए 20 नवंबर, पूर्वदशम छात्रवृत्ति के लिए 20 अक्टूबर तारीख निर्धारित**

■ बांदा

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभिषेक चौधरी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण की छात्रवृत्ति योजना के तहत समस्त शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य, प्रधानाचार्य, छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी पूर्वदशम छात्रवृत्ति और दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ओबीसी के समस्त पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना के क्रियान्वयन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत करायें। दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन किये जाने की अंतिम तिथि 20 नवम्बर निर्धारित है जबकि पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत आनलाइन आवेदन किये जाने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ओबीसी के समस्त पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि उपलब्ध बजट की सीमा तक आधार पेमेन्ट ब्रिज प्रणाली के माध्यम से छात्र के आधार सीडेड बचत बैंक खाते में सीधे आन्तरित की जायेगी। छात्र को बैंक शाखा के माध्यम से बैंक खाते में आधार नम्बर सीडिंग व एनपीसीआई से मैपिंग कराना अनिवार्य होगा। संबंधित शिक्षण संस्थाएं आधार नम्बर सीडिंग व एनपीसीआई से मैपिंग की सूचना की अपने विद्यालय के सूचना पट पर अवश्य चस्पा करें। शिक्षण संस्थाओं के प्रमुख अवगत कराये कि छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रों को आधार सीडिंग व एनपीसीआई मैपिंग की कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण करा ली जाये, ताकि भविष्य में छात्रवृत्ति की धनराशि छात्रों के खातों में अंतरित कराये जाने की प्रकिया में फेल्ड ट्रांजेक्शन न हो। सभी शिक्षण संस्थानों के प्रमुख छात्रवृत्ति से सम्बन्धित कार्यवाही को अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा किये बिना अग्रिम कार्रवाई पूरी करें। छात्र-छात्राओं को अवगत कराया जाए।

## शिविर में दिया गया मानसिक स्वास्थ्य और परामर्श

■ जसपुरा

ब्लॉक के तहत सीएचसी जसपुरा में शिविर का उद्घाटन उपजिलाधिकारी शशिभूषण मिश्र पैलानी ने किया। इस शिविर का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत किया गया है। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय की मानसिक स्वास्थ्य टीम के डा0 हरदयाल ने अपनी टीम के साथ आगन्तुक समस्त नागरिकों का निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार किया गया। कार्यक्रम के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी नरेन्द्र मिश्रा ने नागरिकों को मानसिक स्वास्थ्य ऑनलाइन परामर्श सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया द्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुरा के अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार यादव ने नागरिकों को जीवन शैली हेतु सभी को स्वच्छ खानपान एवं स्वस्थ विचारों के लिए प्रेरित किया।

एसडीएम श्री मिश्र ने सभी को प्रेरित किया कि मानसिक विकारों से बचने के लिए संयमित दिनचर्या, खानपान एवं योग करने को प्रेरित किया। ईर्ष्या द्वेष से बचने के लिए संवेदित किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन बीपीएम स्वप्निल गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चिकित्साधिकारी, आशाएं, एएनएम, स्टॉफ नर्स एवं अन्य कर्मचारियों ने अपनी शानदार सेवाएं प्रदान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## दिव्यांग विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

■ चित्रकूट

जगदुरु रामभद्राचार्य दिब्यांग राज्य विश्वविद्यालय और ब्यंजना आर्ट एंड कल्चर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन कुलाधिपति जगदुरु रामभद्राचार्य ने किया।



दिब्यांग विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में गोस्वामी तुलसीदास सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक परिप्रेक्ष्य विषय पर यह सेमिनार आयोजित है। पद्म विभूषण जगदुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास एक महान विद्वान संत है। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामायण अवधी भाषा में आज विश्व प्रसिद्ध रामचरितमानस जनमानस के समस्त समस्याओं का समाधान है। अवधी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला और अवधी भाषा को समुच्य भाषा माना है। प्रथम सत्र में कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्म बिंदु सिंह ने कहा कि अवधी भाषा, लोकलय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यह भाषा हम सबके गौरव मिलता है। वर्तमान समय में फिल्मों में भी अवधी और भोजपुरी भाषा फिल्म का निर्माण हो रहा है जो कि एक महत्वपूर्ण योगदान है। कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने कुलाधिपति और उनके उत्तराधिकारी रामचंद्र दास का स्वागत किया। द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## महिला पुलिस कर्मियों को कानूनी प्रावधानों का दिया प्रशिक्षण

■ बांदा

मिशन शक्ति-5.द्व अभियान के तहत पुलिस लाइन में शक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें अभियान के तहत जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए महिला पुलिस कर्मियों को विभिन्न कानूनी प्राविधानों और योजनाओं के बारे में प्रशिक्षण के जरिए जानकारी दी गई। इसके साथ ही डीआईजी और एसपी ने मिशन शक्ति जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गांवों और कस्बों के साथ ही स्कूल, कालेजों, बाजारों और धार्मिक स्थलों पर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया जाएगा।

गुरुवार को पुलिस लाइन में डीआईजी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया । इसमें महिला पुलिस कर्मियों विशेषकर महिला बीट आरक्षियों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, इसके मद्देनजर कार्यशाला में महिला पुलिस कर्मियों को कानूनी प्रावधानों, सरकारी





योजनाओं और आपातकालीन हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में घरेलू हिंसा से सुरक्षा अधिनियम, यौन उत्पीड़न से सुरक्षा अधिनियम, तथा महिला अधिकार संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न प्रतिषेध अधिनियम जैसे कई महत्वपूर्ण कानूनों के प्रावधानों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिला पुलिस कर्मियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई, जिनका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से सशक्त बनाना है । इसके अलावा, महिला पुलिस कर्मियों को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन सेवाओं, जैसे 1090 (वीमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) और 112 (आपातकालीन सेवा) के उपयोग के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया। ये हेल्पलाइन सेवाएं संकट के समय में त्वरित सहायता प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण साधन हैं, जिनकी जानकारी महिला पुलिस कर्मियों को देकर यह सुनिश्चित किया गया कि जागरुकता अभियान के माध्यम से वे इसे अपने कार्यक्षेत्र में महिलाओं, बालिकाओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। कार्यशाला के दौरान महिला पुलिस कर्मियों को एसके ताइकाण्डो स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रशिक्षकों सुमन, मधु और अमित द्वारा आत्मरक्षा के विभिन्न साधनों जूडो, कराटे आदि का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित महिला पुलिस कर्मी स्थानीय स्तर पर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, और विभिन्न सरकारी सहायता सेवाओं के बारे में जागरूक करेंगी साथ ही उन्हे आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी देंगी। इस दौरान मिशन शक्ति जागरुकता अभियान को प्रभावी ढंग से संचालन करने वाली 12 महिला पुलिसकर्मियों को डीआईजी व एसपी ने सम्मानित किया। प्रशिक्षित महिला पुलिस कर्मी स्कूलों, कॉलेजों, ग्रामों, कस्बों, बाजारों एवं धार्मिक स्थलों पर जाकर महिलाओं, बालिकाओं को जागरुक करेगी। पुलिस द्वारा पूर्व से ही शक्ति दीदी अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बालिकाओं, छात्राओं द्वारा अपने बीट की महिला पुलिस कर्मियों के साथ सेल्फी लेकर अपने सोशल मीडिया एकांट्स में लगाया जा रहा है। शहर के विभिन्न स्थानों पर मिशन शक्ति सेल्फी प्वाइंट्स लगाए जा रहे हैं। शक्ति कार्यशाला में एएसपी शिवराज, सीओ नरैनी नोडल अधिकारी मिशन शक्ति अंबुजा त्रिवेदी, सीओ यातायात राजवीर सिंह गौर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन वेदमणि मिश्र आदि मौजूद रहे।

## कुल्हाडी मारकर बहू की जेठ ने की थी हत्या

**चित्रकूट।** कुल्हाडी मारकर बहू की हत्या करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने हत्यारोपी जेठ को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रूपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 20 जून 2022 को रैपुरा थाना क्षेत्र के बांधी गांव के निवासी राजेश रैदास ने रैपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। राजेश के अनुसार उसके बेटे की बारात 21 जून को जानी थी। इस दौरान घर में चल रही तैयारियों के बीच उसकी पत्नी कुसमा (45) पर उसके बड़े भाई बाबूलाल उर्फबबुलिया रैदास ने कुल्हाडी से हमला कर दिया। जिससे कुसमा गम्भीर रूप से घायल हो गई। वहां मौजूद उनके बेटे पंकज ने 112 नम्बर पर फोन करके इसकी जानकारी दी और 108 एम्बुलेंस के जरिए कुसमा को रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। यहां गम्भीर हालत के चलते प्राथमिक इलाज के बाद कुसमा को रिफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। वादी राजेश के अनुसार उसकी पत्नी लगभग दो महीने पहले बरेठी में उनकी बहन ननकी के यहां गई थी। इस बात को लेकर भाई बाबूलाल नाराज था। इसके चलते वैवाहिक कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे घर के सदस्यों और महमानों की मौजूदगी में उसने घर के आंगन में कुसमा पर कुल्हाडी से हमला किया था।

पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी बाबूलाल उर्फबबुलिया को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया।

**न्यायालय ने लगाया अर्थदण्ड-** न्यायालय ने सड़क दुर्घटना कर नुकसान पहुंचाने वाले आरोपी को 35 सौ रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री अंजुलिका प्रियदर्शिनी ने अभियुक्त सुनील कुमार सिंह पुत्र स्व0 कंचन निवासी मगरहाई को अर्थदण्ड से दंडित किया।

## परिवार का झगड़ा समाप्त कराकर मिलाया

**चित्रकूट।** परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा परिवारिक मतभेदों को समाप्त कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया है। मानिकपुर सरहट निवासी शीलू पुत्री रामनारायण ने पति दीपक पुत्र रामस्वरुप निवासी मानिकपुर पर गाली गलौज, मारपीट व लड़ाई झगड़ा करने को लेकर प्रार्थनापत्र दिया था। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र गुड्डी देवी, महिला आरक्षी मंजूलता पाल ने शिकायतों को सुनकर दोनों पक्षों को समझाया गया।


गुरुवार को नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

# दुनिया को युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में मिलेगा समाधान: मोदी

● नई दिल्ली,

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पूरे विश्व को महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं ग्रहण कर शांति की राह पर चलना चाहिए, क्योंकि दुनिया को युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में समाधान मिल सकता है।

मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता से ग्रस्त है, बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि एक जरूरत भी हैं। उन्होंने कहा कि मैं आज अभिधम्म पर्व पर पूरे विश्व का आवाहन करता हूं- बुद्ध से सीखिए...युद्ध को दूर करिए...शांति का पथ प्रशस्त करिए...क्योंकि, बुद्ध कहते हैं- ''नत्थि-संति-परम-सुखं' अर्थात शांति से बड़ा कोई सुख नहीं है। उन्होंने कहा कि नही वेरेन वैरानि सम्मन्तीध कुदाचनम अवेरेन च सम्मन्ति एस धम्मो सनन्ततो'' अर्थात वैर से वैर, दुश्मनी से दुश्मनी शांत नहीं होती। वैर अवैर से, मानवीय उदारता से खत्म होता है। बुद्ध कहते हैं- ''भवतु-सब्ब-मंगलम्'' ।। यानी, सबका मंगल हो, सबका कल्याण हो- यही बुद्ध का संदेश है, यही मानवता का पथ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर देश अपनी विरासत को अपनी पहचान से जोड़ता है, लेकिन भारत इस मामले में बहुत पीछे रह गया है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले आक्रमणकारियों ने भारत की पहचान को मिटाने की कोशिश की। बाद में गुलाम मानसिकता से ग्रसित लोगों ने ऐसा किया। आजादी के बाद एक ऐसे समूह ने देश पर कब्जा कर लिया।


गुरुवार को झारखंड के रांची में स्पॉट हुई बॉलीवुड सुपरस्टार और बीजेपी सांसद हेमा मालिनी।

## सार संक्षेप

### 77 वर्ष की हुई अभिनेत्री सिम्मी ग्रेवाल



**मुंबई:** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री सिम्मी ग्रेवाल आज 77 वर्ष की हो गयीं। पंजाब के लुधियाना में एक सिख परिवार में 17 अक्तूबर 1947 को जन्मीं सिम्मी ग्रेवाल को बचपन से ही अभिनय का शौक था, लेकिन घर वाले चाहते थे कि वह अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। घरवालों ने सिमी को पढ़ाई के लिए बहन के साथ इंग्लैंड भेज दिया। वहां जाकर सिम्मी ने अपनी शिक्षा पूरी की। लगभग 15 वर्ष की उम्र में सिम्मी बतौर अभिनेत्री बनने का सपना लेकर मुंबई आ गयीं। सिम्मी ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1962 में प्रदर्शित अंग्रेजी फिल्म 'टारजन गोज टु इंडिया' से की। इस फिल्म में उनके नायक की भूमिका अभिनेता फिरोज खान ने निभाई।दुर्भाग्य से यह फिल्म टिकट खिड़की पर नकार दी गयी। वर्ष 1962 में ही सिम्मी ग्रेवाल की राज की बात और सन ऑफ इंडिया जैसी फिल्में प्रदर्शित हुई लेकिन इन फिल्मों से उन्हें कोई खास फायदा नही पहुंचा। वर्ष 1965 सिम्मी के सिने करियर के लिये महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उनकी तीन देवियां और जौहर महमूद इन गोआ जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयीं। फिल्म तीन देवियां में अभिनेता देवानंद के साथ काम करने का अवसर मिला। फिल्म की सफलता के बाद सिम्मी ग्रेवाल फिल्म इंडस्ट्री में कुछ हद तक अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गयीं।

### नेपाल में 870 पर्वतारोहियों को 37 चोटियों पर चढ़ने की मिली अनुमति

**काठमांडू:** नेपाल ने शरद ऋतु में चढ़ाई के मौसम के दौरान देश में 37 पहाड़ों पर चढ़ने के लिए पर्वतारोहियों के लिए बुधवार शाम तक 870 परमिट जारी किए।
नेपाल में चढ़ाई के लिए यह एक महत्वपूर्ण घोषणा है, क्योंकि यह देश विश्वभर के पर्वतारोहियों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य है। शरद ऋतु का मौसम, जो सितंबर से नवंबर तक रहता है, नेपाल में पर्वतारोहण के लिए सबसे अच्छा समय माना जाता है क्योंकि मौसम स्थिर रहता है और दृश्यता अच्छी रहती है। नेपाल की सरकार ने पर्वतारोहण को बढ़ावा देने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इन पर्मिट्स के साथ, नेपाल अपनी सुंदर पर्वत श्रृंखलाओं और समृद्ध संस्कृति को दुनिया के साथ साझा करने के लिए तैयार है।
पर्यटन विभाग ने 70 देशों और अलग अलग क्षेत्रों से 668 पुरुषों और 202 महिलाओं को अनुमति दी है। इनमे दुनिया की सातवीं और आठवीं सबसे ऊंची माउंट धौलागिरी (8,167 मीटर) और माउंट मनास्लु (8,163 मीटर) सहित चोटियों पर चढ़ने की अनुमति शामिल है।

### यूएन अंतरिम बल पर सेना का हमला गलती: इजरायली विदेश मंत्री

**यरूशलम:** इजरायली विदेश मंत्री इज़रायल काट्ज़ ने इजरायली सेना की लेबनान के संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) में की गयी गोलीबारी को एक गलती बताया और कहा कि देश ऐसी घटनाओं को रोकने का प्रयास करेगा। काट्ज ने कहा कि इजरायली सेना की लेबनान में यूएनआईएफआईएल के ठिकानों पर की गई गोलाबारी एक गलती थी और इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) तथा देश का विदेश मंत्रालय इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए बातचीत कर रहे हैं।
उन्होंने अखबार के साथ एक एक साक्षात्कार में कहा कि यूएनआईएफआईएल पर हमला करना हमारी गलती थी ऐसे हमला करना हमारी नीति नहीं है। हम वर्तमान में इस समस्या के समाधान पर काम कर रहे हैं। आईडीएफ यूएनआईएफआईएल के साथ बातचीत कर रहा है।

### आईसीटी ने शेख हसीना के खिलाफ जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**ढाका:** बांग्लादेश में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ जुलाई-अगस्त में हुए जन विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ किए गए अपराधों के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया। आईसीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार की अध्यक्षता वाली पीठ में आज पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे सुनवाई शुरू हुयी। मुख्य अभियोजक अधिवक्ता मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने पहले दिन श्रीमती हसीना की गिरफ्तारी वारंट के लिए आवेदन किया। न्यायमूर्ति मजूमदार के नेतृत्व में तीन न्यायाधीशों के न्यायाधिकरण ने अभियोजन पक्ष की याचिका को स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। आईसीटी के मुख्य अभियोजक एडवोकेट मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने कहा कि न्यायाधिकरण ने आदेश पारित करते हुए श्रीमती हसीना को गिरफ्तार करने और उसके बाद 18 नवंबर तक अदालत के समक्ष पेश करने को कहा है।''
उन्होंने बताया कि न्यायाधिकरण ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि हसीना समेत 45 लोगों को 18 नवंबर तक गिरफ्तार करने के बाद न्यायाधिकरण के समक्ष पेश किया जाए।

# ट्रूडो की कथनी करनी में अंतर: भारत

## विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बोले- भारतीय अपराधियों को शरण देता है कनाडा

● नई दिल्ली,

**भारत** ने कनाडा द्वारा भारतीय अपराधियों को शरण देने और उन पर कानूनी कार्यवाही के लिए प्रत्यर्पण के अनुरोधों को लटकाये रखने का आज आरोप लगाया और कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की कथनी और करनी में अंतर है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में कहा कि भारत की ओर से प्रत्यर्पण के 26 अनुरोध कनाडा पक्ष के पास लंबित हैं, ये पिछले दशक या उससे अधिक समय से लंबित हैं। इसके साथ ही कई वांछित अपराधियों गिरफ्तारी के अनुरोध भी हैं जो कनाडा सरकार के पास लंबित हैं। प्रवक्ता ने कहा कि हमने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह सहित कई गिरोहों के सदस्यों के संबंध में कनाडाई सरकार के साथ सुरक्षा संबंधी जानकारी साझा की हैं और उनसे उन अपराधियों को गिरफ्तार करने का अनुरोध किया लेकिन अभी तक हमारे अनुरोध पर कनाडाई पक्ष द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनना वास्तव में बड़ा अजीब लगता है अब हम जिन लोगों का प्रत्यर्पण चाहते हैं या उन पर कार्रवाई करना चाहते हैं, हमें बताया जा रहा है कि कनाडा में रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी ) इन लोगों द्वारा किए गए अपराधों के लिए भारत सरकार को दोषी ठहरा रही है। भारत-कनाडा विवाद पर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बयानों



के बारे में पूछे जाने पर प्रवक्ता ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री ट्रूडो की टिप्पणियां देखी हैं कि वह 'वन इंडिया' यानी एक भारत की नीति में विश्वास करते हैं, लेकिन अभी तक हमने भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ जो कार्रवाई का अनुरोध किया है, उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यहां करनी और कथनी में अंतर है। कनाडा में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में कनाडा के आरोपों के बारे में चर्चा करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि हमने इस विशेष मामले पर अपनी स्थिति बिल्कुल स्पष्ट कर दी है। आपने देखा होगा कि पिछले दो दिनों में हमारी स्थिति बताने वाली कई प्रेस विज्ञप्तियां जारी की गई हैं, जो कि हम बहुत स्पष्ट हैं कि सितंबर 2023 के बाद से कनाडाई सरकार ने हमारे साथ कोई भी जानकारी साझा नहीं की है। कल फिर से सार्वजनिक जांच जनसुनवाई के बाद एक बयान जारी किया गया जिसमें कनाडा ने गंभीर आरोप लगाए हैं लेकिन अभी तक उनके समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया है।

उन्होंने कहा कि जहां तक आरोपों का सवाल है तो प्रधानमंत्री ट्रूडो की खुद की स्वीकारोक्ति है , कल इन आरोपों के मूल्य का संकेत मिलेगा। जहां तक हमारे रुख का सवाल है...हम अपने राजनयिकों के खिलाफ झूठे आरोपों को खारिज करते हैं। लारेंस बिश्नोई गिरोह के लोगों को पकड़े जाने के आग्रह के बारे में पूछे जाने पर जायसवाल ने स्वीकार करते हुए कहा कि हमने लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के लोगों की गिरफ्तारी के लिए कनाडाई पक्ष के साथ कुछ अनुरोध साझा किए थे। उन्होंने हमारी मूल चिंताओं पर कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके पीछे भी कोई राजनीतिक मकसद है। कनाडा के राजनयिकों के विरुद्ध कार्रवाई के बारे में एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने कहा, कि हमने कनाडा के कार्यवाहक उच्चायुक्त को बुलाया था और बताया था कि हमें इस बात का कोई भरोसा नहीं है कि कनाडाई सरकार पर हमारे राजनयिकों की सुरक्षा का ध्यान रखेगी और इसलिए हमने अपने उच्चायुक्त और उनके साथ 5 अन्य राजनयिकों को वापस बुलाने का निर्णय लिया है। कनाडा की ओर से उन्हें जाने के लिए कहा गया था लेकिन हमने उनके निर्णय से पहले ही अपने राजनयिकों को वापस बुलाने की घोषणा कर दी थी।

# अवैध शराब रोकने में विफल रही नीतीश सरकार: खड़गे

### सीवान में जहरीली शराब लोगों के मारे जाने की घटना पर किया शोक व्यक्त

● नई दिल्ली,

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सीवान में जहरीली शराब से कई लोगों के मारे जाने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए गुरुवार को कहा कि बिहार सरकार अवैध शराब का कारोबार रोकने में विफल साबित हुई है इसलिए राज्य में जहरीली शराब की घटनाएं हो रही हैं।

खरगे ने कहा कि बिहार के सीवान और सारण के 16 गांवों में जहरीली शराब से अब तक 36 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जो बेहद पीड़ादायक और दुःखद है। पीड़ितों के शोकाकुल परिवारजनों को हमारी गहरी संवेदनाएं। सरकार से अनुरोध कि दोषियों को न्यायसंगत कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाए। उन्होंने बिहार सरकार पर अवैध शराब पर रोक लगाने में विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि इससे पहले और भी जिलों में लगातार अवैध शराब से कई लोगों ने जान गंवाई है, जो बताता है कि



बिहार सरकार अवैध शराब के कारोबार को रोकने में कितनी विफल है। बिहार में अवैध शराब के कारण लोगों के मारे जाने की घटनाओं का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि इससे पहले अप्रैल 2023 में मोतिहारी में ज़हरीली शराब के सेवन से 26 लोगों की मृत्यु हुई थी। दिसंबर 2022 में छपरा में 71 लोगों की जान चली गई थी और दर्जनों लोगों की आंख की रोशनी चली गई थी जबकि मार्च 2022 बांका में 12 लोगों की मृत्यु हुई। नवम्बर 2021 में गोपालगंज, बेतिया और मुजफ्फरपुर में जहरीली शराब पीने से 43 लोगों की मृत्यु हो गई थी। खड़गे ने कहा कि ये घटनाएं तब हो रही हैं जब कि साल 2017 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि 'मेरे जिंदा रहते बिहार में नहीं बिकेगी शराब।

### जहरीली शराब पीने से पांच की मौत

**छपरा:** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में कथित जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत हो गयी है। सारण के जिला पदाधिकारी अमन समीर ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि इस मामले में थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में इस्लामुद्दीन, शमशाद अंसारी, धर्मेंद्र राम, शम्भू नारायण सिह और पिलखी गांव निवासी प्रदीप साह की मौत हो गई है।उन्होंने बताया कि 31 लोग बीमार हो गये हैं, जबकि 12 लोगों को इलाज के बाद उन्हें छोड़ दिया गया है। वहीं 14 लोगों का इलाज किया जा रहा है। समीर ने बताया कि इस मामले में आठ नामजद सहित अन्य के विरुद्ध मशरक थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### विदेशी पशुओं सहित दो गिरफ्तार

**चेन्नई:** सीमा शुल्क वायु खुफिया इकाई (एआईयू) के अधिकारियों ने यहां अन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मलेशिया के कुआलालंपुर से आई एक महिला यात्री से भारत में तस्करी कर लाए गए विदेशी जानवर जब्त किये हैं और महिला को तथा उसे लेने आए एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर अधिकारियों ने मलेशियाई महिला यात्री को रोका और उसके सामान की जांच की, तो उन्हें विभिन्न वन्यजीव प्रजातियों के 56 नमूने मिले। वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी) के अधिकारी वन्यजीव प्रजातियों की जांच करने के लिए हवाई अड्डे पर पहुंचे और उन्होंने उनकी पहचान 04 सियामंग गिब्बन (सिम्फैलैंगस सिडैक्टाइलस, लुप्तप्राय प्रजाति) और 52 ग्रीन इगुआना (इगुआना इगुआना) के रूप में की।

### जीप खाई में गिरी, दो की मौत

**शिमला:** हिमाचल के चौपाल उपमण्डल में लगातार दूसरी रात एक और सड़क हादसा हुआ है। नेरवा थाना क्षेत्र में कल देर रात एक स्कॉर्पियो जीप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में जीप सवार दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह हादसा नेरवा से लगभग 15 किलोमीटर दूर शामठा टिक्करी मार्ग पर पीपलाह नामक स्थान पर हुआ हैं। पुलिस के मुताबिक स्कॉर्पियो जीप में चार लोग सवार थे। इसमें एक स्थानीय व्यक्ति और तीन बिहार के रहने वाले व्यक्ति थे। दुर्घटना में दो व्यक्तियों की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं दो गम्भीर रूप से जख्मी हैं। मृतकों की पहचान प्रताप हंसटा (38) पुत्र रती राम गांव बासरा डाकघर टिक्करी तहसील नेरूवा और बिहार निवासी तुना राम (41) के रूप में हुई है।



गुरुवार को नई दिल्ली में 10 जनपथ पर वाल्मिकी समाज के प्रतिनिधिमंडल के साथ विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

# प्रदेश को भूभू जोत टनल मिलना तय: सुक्खू

### कहा- अगर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम इस परियोजना को रुकवाने दिल्ली न जाएं

● शिमला,

**मुख्यमंत्री** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को यहां कहा कि प्रदेश के भूभू जोत टनल का मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष उठाया गया है, अगर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम इस परियोजना को रुकवाने दिल्ली न जाएं तो यह टनल प्रदेश को मिलना तय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी-पठानकोट राजमार्ग बीच-बीच में टू लेन था, लेकिन हम पूरी सड़क फोर लेन करवाने के लिए प्रयास कर रहे हैं, जिससे पर्यटन बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि शानन परियोजना को वापस हासिल करने के लिए राज्य सरकार



उच्चतम न्यायालय में मजबूती के साथ कानूनी लड़ाई लड़ रही है। सुक्खू ने गुरुवार को जिला मंडी के जोगिन्द्रनगर विधानसभा क्षेत्र में 76.31 करोड़ रुपये लागत की आठ परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने 23.90 करोड़ रुपये की लागत से मिनी सचिवालय जोगिन्द्रनगर में नवनिर्मित भवन बी और डी ब्लॉक का लोकार्पण किया। उन्होंने 10.50 करोड़ रुपये की लागत से राजकीय महाविद्यालय जोगिन्द्रनगर में नवनिर्मित सभागार, आठ करोड़ रुपये की लागत से जोगिन्द्रनगर-सरकाघाट-घुमारवीं सड़क पर रणा खड्ड पर बने पुल और ग्राम पंचायत पसल व सगनेहड़ में 3.70 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पेयजल योजना का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने जोगिन्द्रनगर में 13.66 करोड़ रुपये की लागत से ग्राम पंचायत ढेलू, निचला गरोडु, दारट बगला इत्यादि क्षेत्रों के लिए पुरानी पेयजल आपूर्ति योजना के सुधारीकरण व विस्तारीकरण के कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने 7.10 करोड़ रुपये से गांव डोल में तथा 7.21 करोड़ रुपए की लागत से डोल नाला, छो नाला और गदयाड़ा नाला में तटीयकरण परियोजना की आधारशिला रखी। उन्होंने 2.24 करोड़ रुपये की लागत से सरोहली-सुक्कड खड्ड पर बनने वाले पुल का भूमि पूजन भी किया।

# सिनवार मारा गया या नहीं, होगी जांच

## हमास चीफ की पहचान के लिए इजराइल कराएगा डीएनए टेस्ट

● नई दिल्ली, एजेंसी

**हमास** चीफ याह्या सिनवार को इजराइल ने मार दिया है। इजराइली मीडिया चैनल 12 ने सेना के सीनियर अधिकारियों के हवाले से बताया कि सिनवार की मौत हो गई है। सेंट्रल गाजा में बुधवार को इजराइली हमले में हमास के 3 सदस्य मारे गए। इनमें से एक के याह्या सिनवार होने की खबरें हैं।

इजराइली सेना ने भी अपने बयान में कहा कि उन्हें एक इमारत में हमास के 3 लड़ाके होने की सूचना मिली थी। इसके बाद एक रूटीन ऑपरेशन में उस पर स्ट्राइक की गई थी। मरने वालों के शव को देखा गया तो उनमें एक याह्या सिनवार का था। उसकी मौत की जांच के लिए डीएनए टेस्ट किया जा रहा है। सिनवार के शव की फोटोज सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गई हैं।

इससे पहले भी सिनवार को मारने के लिए



इजराइल ने कई कोशिशें की थी। हालांकि उसे नाकामयाबी ही हाथ लगी। उसकी मौत को लेकर पहले भी दावे होते रहे हैं। 23 सितंबर को भी सिनवार की मौत का दावा किया गया था। हमास का पूर्व चीफ इस्माइल हानियेह 31 जुलाई को ईरान में मारा गया था। ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आइआरजीसी) ने उसकी मौत की पुष्टि की थी। आइआरजीसी ने बताया था कि तेहरान में हानियेह के ठिकाने पर रात 2 बजे (भारतीय समय के मुताबिक सुबह 4 बजे) मिसाइल से हमला किया गया था। इसमें हानियेह और उसके एक बॉडीगार्ड की मौत हो गई। हानियेह ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए तेहरान पहुंचा था। ईरान ने इजराइल पर हानियेह की हत्या करवाने के आरोप लगाए थे। इजराइल पर पिछले साल 7 अक्टूबर को हुए हमले के तीन अहम किरदार थे। इनमें पॉलिटिकल चीफ इस्माइल हानियेह, मिलिट्री चीफ मोहम्मद दाइफ के अलावा गाजा में हमास का लीडर याह्या सिनवार शामिल था। 31 जुलाई को ईरान में हानियेह की मौत के बाद सिनवार ही संगठन का नया चीफ बना था।

वहीं हमास के मिलिट्री चीफ मोहम्मद दाइफ की 13 जुलाई को ही एक हवाई हमले में मौत हो गई थी, जिसकी पुष्टि 1 अगस्त को हुई थी।


महर्षि वाल्मिकी की जयंती के अवसर पर महर्षि श्री वाल्मिकी मंदिर में भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली के सांसद रामवीर बिधूड़ी, योगेन्द्र कैंडोलिया, प्रवीण खंडेलवाल, कमलेश सहरावत, बांसुरी स्वराज ।

संपादकीय

# एनकाउंटर पर सियासत

**इस वक्त दंगे पर सियासत नहीं, दंगे को शांत करने की जरूरत है। सरकार को निष्पक्ष जांच से यह सामने लाना चाहिए कि दंगे का जिम्मेदार कौन है? क्या ऐसा हो सकेगा?**

**बहराइच** में अभी तनावपूर्ण स्थिति है। हालात सामान्य होने में वक्त लगेगा, लेकिन सियासत जारी है। यूपी पुलिस रामगोपाल मिश्रा की हत्या के मुख्य आरोपी सरफराज के अलावा तालिम को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया गया है। पहले खबर आई थी कि सरफराज की मौत हो गई है, लेकिन वह घायल है। पैर में गोली मारने की आदी हो चुकी यूपी पुलिस ने सरफराज के पैर में भी गोली मार कर गिरफ्तार किया है। हालांकि गिरफ्तारी बिना गोली मारे भी की जा सकती थी। एनकाउंटर पर सपा मुखिया अखिलेश यादव कहा है कि सरकार नाकामी छिपाने के लिए एनकाउंटर कर रही है और यूपी पुलिस को बिगाड़ दिया गया है। उधर, प्रदेश सरकार में मंत्री ओप्रकाश राजभर ने पुलिस का बचाव करते हुए कहा कि अगर पुलिस अपराधियों को पकड़ने जाती है और उन पर गोलियां बरसाई जाती है तो पुलिस उन्हें माला पहनाएगी या फूल बरसाएगी? बहराइच में सबसे पहली जरूरत माहौल सामान्य करने की है, लेकिन की राजनीति जा रही है। ओमप्रकाश राजभर ने यह भी कहा है कि अभी कुछ और लोगों को गोली मारी जाएगी। मंत्रियों को इस तरह के अतिरेक वाले बयान देने से बचना, जिससे माहौल सामान्य होने में बाधा बने। लेकिन जब सिर पर राजनीति सवार हो तो क्या किया जा सकता है। सरकार को निष्पक्षता से काम लेने की जरूरत है, जो वह नहीं ले रही है। बहराइच दंगे में महज गोपाल मिश्रा की ही मौत नहीं हुई है, आगजनी और लूटमार भी हुई है। लेकिन जिन लोगों ने आगजनी की, लूट की, उनके खिलाफ कुछ नहीं किया जा रहा है। कई वीडियो में सड़कों पर लाठी डंडों से लैस भीड़ देखी जा सकती है। वे लोग कौन थे और कहां जा रहे थे, इसका पता किया जाना चाहिए। एकतरफा कार्रवाई से सामज में वैमनस्यता ही बढ़ेगी। गुरुवार को पांचवें दिन इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी गई हैं। पुलिस-प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वह अफवाहों से दूर रहें और किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करें। सवाल यह है कि जिन लोगों ने यह अफवाह फैलाई कि गोपाल मिश्रा को यातनाएं देकर मारा है, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है? दुर्भाग्य से अफवाह फैलाने में कुछ मीडिया संस्थानों का भी हाथ रहा है। इस वक्त दंगे पर सियासत नहीं, दंगे को शांत करने की जरूरत है। क्या दंगे की के जिम्मेदार कभी सामने आ पाएंगे? क्या निष्पक्षता से जांच को सकेगी?

पाठकवाणी

## नए किस्म का आतंकवाद

**देश** आजकल एक नए किस्म के आतंकवाद से जूझ रहा है। ये है अफवाहों और डराने वाला आतंकवाद। इसकी शुरूआत मुख्यत: दिल्ली एनसीआर के स्कूलों, अस्पतालों और अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में बम की अफवाहों से शुरू हुई। नागरिकों के मन में जबरदस्त डर बैठ गया और कुछ दिनों तक स्कूलों में हाजरी कम रही। उसके बाद रेलवे ट्रैक पर कुछ सामान रख कर ट्रेनों का एक्सीडेंट करने की मुहिम शुरू हुई जो अब भी जारी है। कुछ स्थानों पर रावण के पुतले में पटाखे इस तरह से लगाए गए की वह बम की तरह फटे या लोगों के ऊपर जा गिरे। अब हवाई जहाजों में बम की अफवाह फैलाई जा रही है। गनीमत है कि इस नए कि स्म के आतंकवाद से अभी तक कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है मगर आमजनों के मन में डर घर कर रहा है। विचित्र बात ये भी है कि इनमें से इक्का-दुक्का मामलों को छोड़ कर कोई आरोपी पकड़ा भी नहीं गया। सुरक्षा एजेंसियों ने विदेशी कनेक्शन और डार्क वेब के इस्तेमाल का हवाला देकर अपराधियों को पकड़ने में असमर्थता जताई। देश की खुफिया या सुरक्षा एजेंसियों को भी इसकी भनक तक नहीं लगी। खुफिया तंत्र की नाकामी, अपराधियों का पहुँच से दूर रहने और सरकार की शिथिलता के कारण इस कि स्म का आतंकवाद करने वालों के हौसले बढ़ते रहेंगे।

**-बृजेश माथुर**, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश

कुछ खास



मैं शुक्रवार को महाराष्ट्र जा रहा हूं। हमारी कोशिश होगी कि इंडिया गठबंधन के साथ लड़ें। हमें उम्मीद है, जहां हमारे दो विधायक थे, वो हमें सीटें भी ज्यादा देंगे और हम पूरी मजबूती के साथ इंडिया गठबंधन के साथ खड़े होंगे।

**-अखिलेश यादव**, सपा प्रमुख

आज का ट्वीट



''पूरे देश में आदिवासियों पर अत्याचार करना भाजपा की नीति बन गई है। जो आदिवासी सदियों से जंगलों के मालिक हैं, उन्हें बेदखल किया जा रहा है, ताकि अडानी की खदानें चल सकें।''

**-प्रियंका गांधी**

साइबरवर्ल्ड

## बहराइच बानगी है

**रामगोपाल** मिश्र को पहले मानव बम बनाया गया और फिर उसकी बलि दी गई। आप समझते हैं कि मुसलमानों को घर घुसाने, डराने और दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने के राजनीतिक एजेंडा में आप साथ दे रहे हैं तो बिलकुल गलत समझते हैं। आप साथ नहीं दे रहे हैं, बल्कि अपनी बलि के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। मुसलमानों का जो होगा, उसकी बला से। सत्ता के लिए जरूरत तो हिंदुओं के रक्त की है। यह ध्रुवीकरण मुसलमानों का खून बहाकर, उसकी हत्या करके नहीं हो सकता है। मुसलमानों को उकसाना है, उन्हें उस हद तक ले जाना है, जहां पहुंचकर उनके पास प्रत्याक्रमण के सिवा और कोई रास्ता न बचे। बहराइच में मुस्लिम के घर पर चढ़कर, उसकी रैलिंग को ताड़कर, उसके झंडे को उखाड़कर और भगवा झंडे को गाड़कर रामगोपाल मिश्र यही कर रहा था। प्रत्याक्रमण में उसकी हत्या हुई तो हिंदू की हत्या का सेंसेशन पैदा हुआ। मुस्लिम की हत्या से कोई सेंसेशन नहीं होता। और, सेंसेशन नहीं होगा तो वोटों का ध्रुवीकरण भी नहीं होगा। सेंसेशन पैदा होता है हिंदू की हत्या से। सेंसेशन पैदा होता है ट्रेन में सवार निर्दोष कार सेवकों की हत्या से। इस बार भी बहराइच में 22 वर्षीय रामगोपाल मिश्र के मारे जाने से सेंसेशन पैदा हुआ। सैकड़ों-हजारों युवक सत्ता का भविष्य बनते हुए मुसलमानों के घरों को आग के हवाले करने के काम में लग गए। पुलिस हाथ-पर-हाथ रखकर बैठी रही। मीडिया इसे जुलूस के दौरान पथड़बाजी से भड़की हिंसा के रूप में रिपोर्टिंग करती रही। मुदित मन राजनीति अपने मानव बमों को विस्फोट होते हुए देखती रही। सारे सेटिंग्स ठीक-ठीक, सही दिशा में काम कर रहे थे। मणिपुर जल रहा है, यह कहना ठीक नहीं है। सही है कि मणिपुर में आग लगायी गई, उसे जलाया गया और जलते हुए छोड़ दिया गया। कोई आग बुझाने नहीं गया। उस आग को इसलिए जीवित रखा गया है कि पूर्वोत्तर के राज्यों में ध्रुवीकरण हो। अब उत्तर-मध्य क्षेत्र की बारी है। इसे भी मणिपुर की तर्ज.पर ही जलाया जाएगा और जलते हुए छोड़ दिया जाएगा। बहराइच उसकी बानगी है।

**-अनिल कुमार रॉय** की फेसबुक वॉल से

# एलन मस्क से कौन डरता है?



**शाहीन सबा**

**जियो और भारती एयरटेल का भारतीय टेलिकॉम सेक्टर पर लगभग पूर्ण कब्जा हो चुका है, और वे जब मन आता है अनाप-शनाप टैरिफ बढ़ाकर 100 करोड़ उपभोक्ताओं को हर माह बेदर्दी से लूट रहे हैं। इस लूट को संभव बनाने में भारत सरकार की सबसे बड़ी भूमिका है।**

**मौ**जूदा भारतीय टेलिकॉम बाजार में जियो इन्फोकॉम, भारतीय मोबाइल और इंटरनेट बाजार का किंग है। लेकिन किंग को भारत सरकार के सेटेलाइट कम्युनिकेशन (सेटकॉम स्पेक्ट्रम) में विदेशी प्लेयर्स के लिए दरवाजे खोलने की खबर से भारत ही नहीं एशिया के दिग्गज, रिलायंस ग्रुप के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई हैं। सैटकॉम स्पेक्ट्रम के आवंटन को लेकर रिलायंस के सर्वेसर्वा, मुकेश अंबानी ने 10 अक्टूबर को टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की ओर से आवंटित किए जाने का विरोध करते हुए नीलामी की प्रक्रिया के तहत आवंटन का सवाल उठाया था। यह खींचतान अब प्राइवेट प्लेयर्स, एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक और भारत सरकार से होते-होते बाजार में सनसनी मचाने लगा है।

पिछले कुछ दिनों से ये गहमागहमी, दरअसल कल तब सार्वजनिक रूप से सामने आई, जब पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली में 8वें इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के लिए पधारे थे, और इस समारोह के दौरान उन्होंने ग्लोबल डिजिटल टेक फ्रेमवर्क निर्मित किये जाने का आह्वान किया। लेकिन इसी मंच पर अन्य वक्ताओं में भारती एयरटेल के प्रमुख, सुनील मित्तल और जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन, आकाश अंबानी भी मौजूद थे, जिन्होंने भारतीय टेलिकॉम सेक्टर में सेटकॉम स्पेक्ट्रम के आवंटन की सरकारी नीति के खिलाफ अपनी आवाज मुखरता से व्यक्त कर भारतीय उद्योग जगत की नींद उड़ा दी। अब सरकार और ट्राई के लिए सांप-छुछुंदर वाली स्थिति बन चुकी है। सेटकॉम स्पेक्ट्रम के बारे में ट्राई की नीति अभी तक यही रही है कि इसके लिए नीलामी की निविदा आमंत्रित करने के बजाय आवंटन किया जा सकता है, जिसे लेकर एलन मस्क लगता है आश्वस्त थे कि उनकी कंपनी स्टारलिंक को भारत में एंट्री मिलने वाली है, लेकिन भारतीय बाजार के दोनों दिग्गजों की आपत्ति के बाद यह मामला विवादास्पद बन गया है।



हालांकि, कल दूरसंचार मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बड़ी बहादुरी के साथ अपनी नीति का बचाव करते हुए कहा है कि अधिनियम में स्पष्ट किया गया था कि सैटकॉम स्पेक्ट्रम का आवंटन प्रशासनिक रूप से किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि स्पेक्ट्रम बिना किसी लागत के आएगा। वह लागत क्या होगी और उसका फॉमूर्ला क्या होगा, यह केवल ट्राई द्वारा तय किया जाएगा। इसके अलावा, दुनिया भर में सैटेलाइट स्पेक्ट्रम का आवंटन प्रशासनिक रूप से किया जाता है। इसलिए, भारत कुछ अलग नहीं कर रहा है, जो हम नीलामी कर-के करेंगे। लेकिन 24 घंटे भी पूरे नहीं हुए और आज इस खींचतान के बीच ट्राई के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी का बयान आ गया है कि परामर्श प्रक्रिया अभी चल रही है और दूरसंचार नियामक कोई भी विचार-विमर्श करने से पहले सभी इनपुट पर विचार करेगा। बता दें कि नियामक की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब स्टारलिंक के सीईओ एलन मस्क और भारतीय दिग्गज सैटेलाइट स्पेक्ट्रम को लेकर बड़े गतिरोध में उलझे हुए हैं।

मंगलवार सुबह इंडिया मोबाइल कांग्रेस में बोलते हुए भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने तर्क रखा कि शहरी ग्राहकों को सेवा देने की इच्छुक सैटेलाइट कंपनियों को टेलीकॉम ऑपरेटरों के समान नियामक ढांचे के तहत काम करना चाहिए, जबकि अन्य कंपनियां प्रशासनिक रूप से स्पेक्ट्रम ले सकती हैं। उन्होंने आगे कहा है, दुनिया भर की टेलिकॉम कंपनियां यूनिवर्सल सर्विसेज ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) कार्यक्रम के जरिए सैटेलाइट सेवाओं को देश के सबसे दूरदराज के हिस्सों में ले जाएंगी और सीधे उन तक पहुंच बनाएंगी। हमें खुद को और उन सैटेलाइट कंपनियों को शहरी क्षेत्रों में आकर इलीट खुदरा ग्राहकों को सेवा देने की महत्वाकांक्षा है, उन्हें बाकी सभी की तरह दूरसंचार लाइसेंस लेने की जरूरत है, उन्हें भी उन्हीं शर्तों से बंधे रहना होगा।

बता दें कि पिछले हफ्ते तक भारती एयरटेल की सेटेलाइट स्पेक्ट्रम को लेकर आधिकारिक नीति वही थी जो भारत सरकार की है। लेकिन, इस बीच जियो और भारती एयरटेल में कुछ तो खिचड़ी पकी है, जिसके बाद दोनों दिग्गज एक सुर में अपनी आवाज उठाकर मौजूदा मोदी सरकार के लिए दुविधा की स्थिति खड़ी कर दी है। दूसरी तरफ, स्टारलिंक, स्पेस एक्स और टेस्ला जैसी सबसे उन्नत कंपनियों के मालिक, और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क भी लगता है भारतीय टेलिकॉम सेक्टर में अपनी घुसपैठ बनाने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं। ट्विटर पर अपने मालिकाने के बाद से एलन मस्क की भूमिका और कारगुजारियों को दुनिया देख रही है।

भारत ने तो कई बार एलन मस्क को टेस्ला कार का उत्पादन भारत में करने की दावत तक दे रखी है, जिसे एलन मस्क ने यह कहते हुए टाल दिया था कि वह पहले भारत में टेस्ला के बाजार की संभावनाओं के बारे में आश्वस्त होना चाहता है। जाहिर है, भारतीय प्रधानमंत्री को लगता होगा कि स्टारलिंक के भारतीय बाजार में आ जाने से एलन मस्क के लिए भारत का रास्ता खुल जाएगा। लेकिन उन्हें शायद घरेलू दिग्गजों की चिंताओं का ध्यान नहीं रहा। वैसे डेओलाइट ने भारतीय सेटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस मार्केट के बाजार को 2030 तक मात्र 1.3 बिलियन डॉलर तक ही आंका है, लेकिन भारतीय उपभोक्ताओं का कोई भरोसा नहीं, वे ब्रांड (मस्क) के नामपर संभवतः जल्द ही भारी हाइप खड़ी कर दें, और महंगी सेवाओं के बावजूद गर्वित उपभोक्ता का टैग लगाकर एयरटेल और जियो के लुभावने बाजार की हिस्सेदारी को चौपट न कर दें? सोशल मीडिया पर एलन मस्क और अंबानी समर्थक, विरोधी लॉबी खड़ी होने लगी है। कईयों का मानना है कि भारतीय टेलिकॉम सेक्टर अभी भी पूरी दुनिया में सबसे किफायती दरों पर अपनी सेवाएं प्रदान करने के कारण, स्टार लिंक को प्रवेश देने की कोई वजह नहीं है।

जियो और भारती एयरटेल का भारतीय टेलिकॉम सेक्टर पर लगभग पूर्ण कब्जा हो चुका है, और वे जब मन आता है अनाप-शनाप टैरिफ बढ़ाकर 100 करोड़ उपभोक्ताओं को हर माह बेदर्दी से लूट रहे हैं। इस लूट को संभव बनाने में भारत सरकार की सबसे बड़ी भूमिका है। सार्वजनिक क्षेत्र की स्वयं की वीएसएनएल को पिछले 10 वर्षों में 4जी के लिए तरसाकर तिल-तिल कर मार डालने के पीछे का उद्येश्य आज किसी से छिपा नहीं है। बीएसएनएल ही वह एकमात्र ऑपरेटर था जो डिफेन्स क्षेत्र से लेकर भारत के दूरदराज के क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को दूरसंचार और इंटरनेट की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध था। वीएसएससी सहित दर्जनों छोटे बड़े ऑपरेटर्स को खरीदकर आज एयरटेल और जियो ही आपस में एकजुट होकर अपने मुनाफे को लगातार बढ़ाते जाने के लिए खुल्ला छोड़ दिए गये हैं, और सरकार अब चाहे भी उनका कुछ भी कर पाने की स्थिति में नहीं है।

अमृतवाणी

## मिथ्या संबंध



**एक** बार संत के पास एक सत्संगी युवक आया। संत ने उससे हाल-चाल पूछा, तो उसने स्वयं को अत्यंत सुखी बताया। वह बोला, ह्य मुझे अपने परिवार के सभी सदस्यों पर बड़ा गर्व है। उनके व्यवहार से मैं संतुष्ट हूं। संत बोले, तुम्हें अपने परिवार के प्रति ऐसी धारणा नहीं बनानी चाहिए। इस दुनिया में अपना कोई नहीं होता। जहां तक मां-बाप की सेवा और पत्नी-बच्चों के पालन-पोषण का संबंध है, उसे तो कर्तव्य समझकर ही करना चाहिए। उनके प्रति मोह या आसक्ति रखना उचित नहीं। युवक को बात जंची नहीं, बोला, आपको विश्वास नहीं कि मेरे परिवार के लोग मुझ पर अत्यधिक स्नेह करते हैं। यदि एक दिन घर न जाऊं, तो उनकी भूख-प्यास उड़ जाती है और नींद हराम हो जाती है और पत्नी तो मेरे बिना जीवित ही नहीं रह सकती। संत बोले, तुम्हें प्राणायाम तो आता ही है। कल सुबह उठने के बजाय प्राणवायु मस्तक में खींचकर निश्चेष्ट पड़े रहना। मैं आकर सब संभाल लूंगा। दूसरे दिन युवक ने वैसा ही किया। प्राणायाम से उसने अपनी श्वास को रोक लिया और मृत समान लेटा रहा। उसे निर्जीव जान कर घर के सब लोग विलाप करने लगे। योजना के अनुसार संत उसी समय वहां पहुंचे। सब लोग उनके चरणों पर गिर पड़े। संत बोले, आप लोग शोक मत करें। मैं मंत्र के बल पर इसे जिलाने का प्रयत्न करूंगा, किन्तु इसके लिए कटोरी भर पानी किसी को पीना पड़ेगा। उस पानी में ऐसी शक्ति होगी कि पीने वाला तो मर जाएगा, किंतु उसके बदले यह युवक जी उठेगा। यह सुनते ही सब एक-दूसरे का मुंह देखने लगे। पानी पीने के लिए किसी को आगे न आते देख संत बोले, तब मैं ही पीता हूं। युवक उठ बैठा और बोला, महाराज, आप पानी पीने का कष्ट न करें। सांसारिक संबंध क्षणिक और मिथ्या होते हैं, वह मैं जान गया हूं।

तीखी नजर

## न जाने किसका सिर फिर जाए?



राजेंद्र बज

**आ**जकल के जमाने में कब किसका सर फिर जाएं, पक्के तौर पर कभी कुछ नहीं कहा जा सकता। आमतौर पर अधिकार संपन्न वर्ग का सर फिरना आम आदमी की मुसीबत का कारण बनता रहा है। लेकिन कभी-कभी मुख्य इंजन की अपेक्षा छोटे-मोटे पुर्जे भी अपनी वाली पर आ जाएं तो आम आदमी के लिए मुसीबत खड़ी कर सकते हैं। आजकल तो ऐसा भी होने लगा है कि आदमी के दिमाग में ऐसी-ऐसी खुराफातें जन्म लेने लगी हैं, जिसके बारे में कभी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। कभी-कभी तो लगता है कि खुराफात के मामले में आदमी का दिमाग कंप्यूटर से भी तेज गति से काम करने लगा है।

कल तक ऐसा माना जाता था कि कोई किसी का धर्म भ्रष्ट करने के लिए खुराफात करने लगता है। लेकिन हाल ही के चंद किस्से आदमी की कुंठाग्रस्त स्थिति का चीख-चीखकर बखान करने लगे हैं। जिसका जाति से कहीं से कहीं तक कोई संबंध नहीं है। जरूरी नहीं कि खुराफात करने से कुछ हासिल होता हो, लेकिन इसके चलते शायद अंतर्मन के तीव्र आक्रोश की ज्वाला को शीतलता मिलती हो। आजकल के जमाने में आदमी मन को समझाने के लिए जाने कैसी-कैसी मनमानी पर उतारु होने लगा है। खाने-पीने के मामले में खिलाने-पिलाने वाला क्या कुछ खिला-पिला रहा है? यह तो पोल खुलने के पहले पता ही नहीं चलता।

वैसे इसमें मुसीबत केवल उसी वर्ग की है जो पराश्रित मानसिकता के दौर में जीने का आदी बन चुका है। वरना जिसके लिए अपना हाथ जगन्नाथ हुआ करता है, वह कम से कम खाने-पीने के मामले में तो किसी की विकृत मानसिकता का शिकार नहीं हो सकता। जिनको पकी-पकाई चाहिए होती है, वे तो सामने वाले की नेकनीयत पर ही निर्भर हुआ करते हैं। जो खिलाया वह खा लिया और जो पिलाया वह पी लिया, इसके चलते वास्तव में क्या खाया और क्या पिया? खाने-पीने वाले को ही इसका इल्म नहीं होता। उधर यदि कोई खुरापात कर रहा है, तो उसको तो तब तक कलेजे में ठंडक का एहसास होता है - जब तक कि वह पकड़ में नहीं आता। ऐसे मामलों में लकीर पीटने का कोई मतलब नहीं निकलता। जिसको जो करना था, वह कर चुका होता है।

इसलिए बेहतर यही है कि कम से कम तन और मन की शुद्धि के लिए धन शक्ति पर निर्भरता को कम किया जाए। लेकिन नहीं, हम बड़े लोग हैं -ऐसा करेंगे तो बाकी के लोग हमारे बारे में क्या-क्या सोचेंगे ? यह चिंता सवार हो जाती है।व्यवहार में देखा ही गया है कि जो औरों पर निर्भर रहा करते हैं, उन्हें औरों के अनुसार ही चलना होता है। सावधान, नित नई खुरापात का राज खुलने पर एक के साथ अनेक खुरापात जन्म ले सकती है। क्योंकि आजकल के जमाने मे एक आईडिया अनेक आईडियो का जनक सिद्ध होता है। और हां, भेड़चाल की तो अपने यहां की गजब की रीत रही है। ठहरिए, आगे-आगे देखते चले जाइए, नानी-दादी का जमाना याद आएगा।

नजरिया

# अपराधियों को आदर्श मानने से बचें युवा



योगेश सोनी

**आजकल लोग सोशल मीडिया का प्रयोग अपने विचारों को रखने के लिए करते हैं, लेकिन अधिकतर लोग जो पोस्ट करते हैं, उसके सकारात्मक या नकारात्मक पहलू के विषय में नहीं सोचते। हम गुणवत्ता भरे खेल को अपनाएं तो ही वह जिंदगी को सही दिशा की ओर लेकर जाता है।**



**बी**ते दिनों मुंबई में बाबा सिद्दीकी हत्या हुई जिससे पूरा देश हिल गया। किसी को उम्मीद नहीं रही होगी कि बाबा सिद्दीकी की इस तरह हत्या कर दी जाएगी। कई लोग अलग-अलग नजरिये से इस घटनाक्रम को देख रहे हैं, लेकिन अधिकतर लोगों का मानना है कि इस घटना को लारेंस बिश्नोई ने अंजाम दिया है और वजह सलमान खान से उनकी दोस्ती थी। अब पूरे घटनाक्रम सच्चाई क्या है, इस पर प्रशासनिक मुहर नहीं लगी लेकिन यदि यह मान लिया जाए कि इस घटना को लारेंस बिश्नोई ने अंजाम दिया तो भी यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण व सुरक्षा के लिहाज से चिंताजनक है। इसके अलावा इससे एक सबसे बड़ा नुकसान यह भी हो रहा है, कुछ युवा व छोटे-मोटे गैंगस्टर व गुंडे वे सभी लॉरेंस बिश्नोई को अपना आइडियल मान रहे हैं। इसके पीछे की वजह है कि इस घटना के बाद बहुत सारे लोग सोशल मीडिया पर लारेंस की प्रशंसा कर रहे हैं और युवा उसका समर्थन कर रहे हैं जो किसी भी नजरिये से सही नहीं माना जा सकता।

हम इस लेख के माध्यम से युवाओं से अपील करते हैं कि इस तरह के खूनी खेल खेलने वालों को अपना आइडियल बिल्कुल भी न मानें। दरअसल मामला यह है कि एक गैंगस्टर ने पूरे देश में खुलेआम आतंक फैला रखा है, जिसको हमारा शासन-प्रशासन रोकने में पूर्ण रूप से विफल नजर आ रहा है, जिससे गलत विचारों के लोगों के यह लग रहा है कि जो गैंगस्टर जेल में हैं, वे इतनी आसानी से अपना नेटवर्क चला रहा है और यह सब आसानी से हो रहा है। चैनल, अखबारों व सोशल मीडिया में यह बताया जा रहा है कि उसके 6 देश व भारत के 11 जिलों में 800 से ज्यादा गुर्गे सक्रिय हैं और कहीं भी किसी को भी मरवा सकता है। बताया यह भी जा रहा है कि गैंग के पास करोड़ों रुपये की रंगदारी आती है। इन सब बातों से एक वर्ग प्रभावित हो रहा है। ऐसे लोगों के प्रचार पर सरकार को रोक लगानी चाहिए चूंकि इससे केवल नकारात्मकता ही फैल रही है। इसके अलावा स्वयं भी ऐसे सोशल मीडिया यूजर्स को बचना चाहिए जो इस तरह की सामग्री परोस रहे हैं और लारेंस बिश्नोई जैसे अपराधी को ग्लैमराइज कर रहे हैं।

दरअसल मामला यह कि आजकल के युवाओं को इस तरह की चीज बहुत जल्दी प्रभावित करती है, क्योंकि ऐसे तत्व हैं, जो आसान राह पाकर अपना वर्चस्व कायम करना चाहते हैं और जल्दी ही प्रसिद्धी भी। लेकिन उनको यह नहीं मालूम की इस राह में कितने कांटें हैं। न तो ऐसे लोगों का कोई जीवन होता और न ही घरवाले कभी सुरक्षित रह पाते हैं। यदि किसी को कॉपी करना है तो ऐसे लोगों को कॉपी करें, जो जिससे आपका भविष्य बनें। अपनी जिंदगी की कीमत समझें, क्योंकि यह मानव जीवन आसानी से नहीं मिलता। इसका हर पल व क्षण अपने भविष्य बनाने व परिवार का भविष्य संवारने में लगाएं। अपने परिवार को किसी मुसीबत में न डालें।

आजकल लोग सोशल मीडिया का प्रयोग अपने विचारों को रखने के लिए जमकर करते हैं, लेकिन अधिकतर लोग जो पोस्ट करते हैं, उसके सकारात्मक या नकारात्मक पहलू के विषय में नहीं सोचते। हम गुणवत्ता भरे खेल को अपनाएं तो ही वह जिंदगी को सही दिशा की ओर लेकर जाता है। यदि किसी का भी जिंदगी के प्रति आक्रोश किसी गलत दिशा की ओर चला जाता है तो वह मात्र उस तक ही सीमित नहीं रह जाता, उसके दुष्परिणाम उसके परिवार वालों को भी भुगतने पड़ते हैं। यदि आपकी गलत पोस्ट या गलत पोस्ट पर समर्थन करना किसी गैंगस्टर ने देख लिया तो वह निश्चित तौर पर आपका माइंड डाइवर्ट करके आपको जुर्म की दुनिया में ला सकता है।

यदि गौर किया जाए तो लॉरेंस बिश्नोई की गैंग में जितने भी लोग है उसमें अधिकतर 18 से 25 के हैं, चूंकि गैंगस्टरों को पता है कि इस उम्र में युवाओं को बहुत आसानी से फंसाया जा सकता है। इनके पास माइंड डाइवर्ट करने के पावर होती है, जिसका यह जमकर प्रयोग भी करते हैं। जांच में एनआईए ने खुद स्वीकारा है कि यह गैंग सोशल मीडिया के जरिये अपने गैंग में भर्ती करते हैं। एनआईए ने यह भी बताया कि जो लोग गलत तरह या इनके समर्थन की पोस्ट करते हैं वह उनको शॉर्टलिस्ट कर लेते हैं और उसके बाद उनका इतिहास, भूगोल व उनकी रुचि देखकर उनसे संपर्क करते हैं। उसे बरगलाकर भाड़े का हत्यारा बना देते हैं। गरीब घरों के बच्चों को ज्यादा तरजीह दी जाती है। जो उनके काम का होता है उसको शामिल कर लेते हैं। जैसा कि यह गैंग टारगेट किलिंग के लिए शूटरों की भर्ती करता है, जो सिर्फ उसके एक बार ही काम आते हैं। इसलिए इस तरह सोशल मीडिया पर कभी गलत पोस्ट न करें और न ही समर्थन करें। चूंकि इस खेल में कोई किसी का सगा नहीं होता, यदि आप उनके काम के नहीं तो गलत लोग आपको निपटा देंगे। गैंगस्टरों की जिंदगी में किसी भी प्रकार की खुशी नहीं होती क्योंकि या तो वे आपसी रंजिश या पुलिस द्वारा एंकाउंटर में मारे जाते हैं या फिर पकडे जाने पर पूरी जिंदगी जेल में सड़ते हैं। ऐसी दौलत व शोहरत का क्या फायदा जिसको आप भोग ही न पाओ। पकड़े जाने पर कोई काम नहीं आता। वह भी नहीं, जिसे आपने आदर्श मान लिया था।

# बेंगलुरु टेस्ट पर न्यूजीलैंड ने कसा शिकंजा

## मैट हेनरी ने पांच और विलियम ओरूर्क ने झटके चार विकेट, भारत पहली पारी में 46 रन पर ढेर




● बेंगलुरु,

**मैट** हेनरी (पांच विकेट) और विलियम ओरूर्क (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद डेवन कॉन्वे के (91) अर्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को तीन विकेट पर 180 बनाकर भारत पर पहली पारी के आधार पर 134 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

भारत को पहली पारी में मात्र 46 रनों पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने मैदान पर आई न्यूजीलैंड टीम के सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी की। 18वें ओवर में कुलदीप ने टॉम लेथम (15) को पगबाधा आउट कर टीम को पहली सफलता दिलाई। दूसरे विकेट की साझेदारी में कॉन्वे और विल यंग ने टीम के स्कोर को 142 रनों तक पहुंचाया जहां जाडेजा ने विल यंग (33) को कुलदीप के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट गिराया। इसके बाद अपने शतक की तरफ बढ़ रहे डेवन कॉन्वे (91) को अश्विन ने बोल्ड कर टीम के लिए तीसरा विकेट लिया। खेल समाप्ति के समय रचिन रविंद्र (22) तथा डैरिल मिचेल 14 रनों पर नाबाद रहे। भारत की ओर से आर अश्विन , कुलदीप यादव तथा रवीन्द्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और सातवें ओवर में कप्तान रोहित शर्मा (02) को टिम साउदी ने बोल्ड कर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विराट कोहली और सरफराज खान (00) पर पवेलियन लौट गए इस दौरान बारिश शुरु होने से कुछ देर खेल रूका रहा। विराट को विलियम ओरूर्क और सरफराज को मैट हेनरी ने आउट किया। बारिश रुकने के बाद बल्लेबाजी करने आये यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 21 ओवर में विलियम ओरुर्क ने यशस्वी जायसवाल (13) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भारत के लगातार विकेट गिरते गए। ऋषभ पंत ने टीम के लिए सर्वाधिक (20) रन बनाए। आलम यह था कि भारत के नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की पूरी टीम 31.2 ओवर में 46 के स्कोर पर सिमट गई। इसी के साथ घरेलू पिच पर सबसे कम स्कोर बनाने का 37 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। इससे पहले भारतीय टीम 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में 75 रन पर ऑलआउट हुई थी। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने 15 रन देकर पांच विकेट लिए। ओरूर्क को 22 रन देकर चार विकेट मिले। साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।




### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का पटेल बो ओरूर्क | 13 | 63 | 1 | 0 |
| रोहित शर्मा बो साउदी | 02 | 16 | 0 | 0 |
| कोहली का फिलिप्स बो ओरूर्क | 00 | 9 | 0 | 0 |
| सरफराज का कॉन्वे बो हेनरी | 00 | 3 | 0 | 0 |
| पंत का लेथम बो हेनरी | 20 | 49 | 2 | 0 |
| राहुल का ब्लंडल बो ओरूर्क | 00 | 6 | 0 | 0 |
| जडेजा का पटेल बो हेनरी | 00 | 6 | 0 | 0 |
| अश्विन का फिलिप्स बो हेनरी | 00 | 1 | 0 | 0 |
| कुलदीप का सब(ब्रेसवेल)बो हेनरी | 02 | 17 | 0 | 0 |
| बुमराह का हेनरी बो ओरूर्क | 01 | 3 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 04 | 16 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 04 रन

कुल : 31.2ओवर में 46 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-9, 2-9, 3-10, 4-31, 5-33, 6-34, 7-34, 8-39, 9-40, 10-46

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| टिम साउदी | 6 | 4 | 8 | 1 |
| मैट हेनरी | 13.2 | 3 | 15 | 5 |
| विलियम ओरूर्क | 12 | 6 | 22 | 4 |

| न्यूजीलैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टॉम लेथम पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 49 | 3 | 0 |
| डेवन कॉन्वे बोल्ड अश्विन | 91 | 105 | 11 | 3 |
| विल यंग का कुलदीप बो जडेजा | 33 | 73 | 5 | 0 |
| रचिन रविंद्र नाबाद | 22 | 34 | 2 | 0 |
| डैरिल मिचेल नाबाद | 14 | 39 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 05 रन

कुल: 50 ओवर में तीन विकेट पर 180 रन

विकेट पतन: 1-67 , 2-142 , 3-154

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 10 | 4 | 23 | 0 |
| मोहम्मद सिराज | 7 | 1 | 21 | 0 |
| रवि अश्विन | 11 | 1 | 46 | 1 |
| कुलदीप यादव | 12 | 1 | 57 | 1 |
| रवींद्र जडेजा | 10 | 0 | 28 | 1 |

### पंत के घुटने में लगी चोट

**बेंगलुरु, वार्ता** : भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को विकेटकीपिंग करते समय दाहिने घुटने पर चोट लगने के बाद मैदान से बाहर चले गए। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि पंत के घुटने में कुछ सूजन थी और टीम कोई जोखिम नहीं लेना चाहती थी। पंत दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना के दौरान घुटने की गंभीर चोट से उबर कर आए हैं। पंत को चोट न्यूजीलैंड की पारी के 37वें ओवर में लगी। पंत ने रवींद्र जडेजा की गेंद पर डेवन कॉन्वे के खिलाफ स्टंपिंग का मौका गंवा दिया और गेंद को पकड़ने में नाकाम रहने के बाद घुटने पर गेंद लग गई। वह तुरंत मैदान से बाहर चले गए। पंत की जगह ध्रुव जुरैल ने ले ली। रोहित ने खेल समाप्त होने के बाद कहा कि दुर्भाग्य से गेंद सीधे उनके घुटने के कैप पर लगी, उसी पैर पर जिस पर उन्होंने सर्जरी करवाई है। इसलिए उन्हें इस पर थोड़ी सूजन हो गई है और आप जानते हैं कि इस समय मांसपेशियां काफ़ी कोमल होती हैं इसलिए यह एक एहतियाती कदम है। हम जोखिम नहीं लेना चाहते।

### बदानी बने दिल्ली कैपिटल्स के प्रमुख कोच

**नई दिल्ली, वार्ता** : पूर्व भारतीय बल्लेबाज हेमंग बदानी आईपीएल 2025 के लिए दिल्ली कैपिटल्स का प्रमुख कोच और पूर्व भारतीय बल्लेबाज वेणुगोपाल रॉव को क्रिकेट निदेशक बनाया गया है। बदानी ने रिकी पोंटिंग की जगह ली है तो वहीं रॉव पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली के स्थान पर पदभार संभाला है। दोनों नियुक्तियां दिल्ली कैपिटल्स द्वारा कोचिंग स्टाफ और फ्रेंचाइजी की संचालन संरचना में सुधार का हिस्सा हैं। इसके अलावा डीसी ने 2014 से सहायक कोच और टैलेंट स्काउट के रूप में काम करने वाले प्रवीण आमरे के साथ अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाने का भी फैसला किया है। फ्रेंचाइजी ने कहा कि दोनों टीमों की नीलामी, कप्तानी, खिलाड़ियों की रिहाई और रिटेंशन जैसे महत्वपूर्ण निर्णय डीसी बोर्ड द्वारा किए जाएंगे और दोनों समूहों के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा पारस्परिक रूप से फैसला लिया जाएगा। पुनर्गठन के तहत डीसी के सह-मालिक अपनी टीमों के लिए हर दो साल में परिचालन नेतृत्व भूमिकाओं की अदला-बदली करेंगे।

### भारत का तीसरा सबसे छोटा स्कोर टेस्ट

**बेंगलुरु, वार्ता** : क्रिकेट के इतिहास में भारतीय टीम का यह तीसरा सबसे छोटा स्कोर है। टेस्ट क्रिकेट में भारत का सबसे कम इनिंग्स स्कोर 36 रन है, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में बना था। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में ये भारत का लोएस्ट स्कोर रहा। इससे पहले, भारतीय टीम साल 1976 में न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंग्टन टेस्ट मैच में अपनी दूसरी पारी में 81 रनों पर आउट हो गई थी। इसी के साथ भारतीय टीम ने कीवियों के खिलाफ अपना 48 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। टीम इंडिया का घर में यह सबसे छोटा स्कोर भारतीय टीम का अपने घर में यह लोएस्ट स्कोर है। इससे पहले भारत ने साल 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली टेस्ट मैच में अपनी पहली पारी में 75 रन बनाए थे। साथ ही भारत में खेले गए किसी टेस्ट मैच में एक टीम का यह न्यूनतम स्कोर रहा। इससे पहले न्यूजीलैंड ने साल 2021 में भारत के खिलाफ मुंबई टेस्ट मैच के दौरान 62 रन बनाए थे।

## सार संक्षेप

### विवान कपूर ने स्कीट रजत, अनंतजीत सिंह नरूका ने ट्रैप में कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली** : भारत के विवान कपूर ने गुरुवार को आईएसएसएफ विश्वकप फाइनल 2024 में पुरुषों की स्कीट में रजत और अनंतजीत सिंह नरुका ने ट्रैप स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। सीजन के आखिरी आईएसएसएफ विश्वकप के अंतिम दिन दो पदकों के साथ भारतीय निशानेबाजों ने इस प्रतियोगिता में दो रजत और दो कांस्य सहित कुल चार पदक जीते। इससे पहले, सोनम मस्कर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में रजत जीता, जबकि अखिल श्योराण ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन शूटिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। विवान कपूर ने पुरुषों के ट्रैप फाइनल में 44 अंक जुटाकर सीनियर शूटिंग प्रतियोगिता में अपना पहला व्यक्तिगत पदक जीता और चीन के यिंग क्यू (47) से पीछे रहे। तुर्की के शॉटगन निशानेबाज एन टोलगा ट्यून्सर ने 35 अंक हासिल करते हुए इस स्पर्धा का कांस्य पदक अपने नाम किया। विवान ने इससे पहले पुरुषों के ट्रैप क्वालीफाइंग राउंड में तीसरा स्थान हासिल करते हुए छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। भवानीश मेंदीरत्ता आठवें स्थान पर रहने के कारण कट से चूक गए थे। पिछले साल हांगझोऊ में एशियाई खेलों 2023 के रजत पदक विजेता अनंतजीत सिंह नरुका ने पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में पोडियम स्थान हासिल करने के लिए 43 अंक अर्जित किए। इटली के टैमारो कैसांद्रो (56) और गैब्रिएल रोसेटी (53) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता।

### स्टेन ने गेंदबाजी कोच का पद छोड़ा

**नई दिल्ली** : दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने आईपीएल की फ्रैंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच का पद छोड़ दिया हैं। स्टेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि आईपीएल में गेंदबाजी कोच के रूप में मेरे कुछ वर्षों के लिए सनराइजर्स हैदराबाद को बहुत-बहुत धन्यवाद, दुर्भाग्य से मैं आईपीएल 2025 के लिए वापस नहीं आऊंगा। उन्होंने कहा कि हालांकि, मैं अफ्रीका में एसए-20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ काम करना जारी रखूंगा। एसए-20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप दो बार विजेता रहा है आइए इसे लगातार तीन बार विजेता बनाने का प्रयास करें।

### वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को दिया 163 रनों का लक्ष्य

**दांबुला** : कप्तान रोवमन पॉवेल (37), गुडाकेश मोती (32) और ब्रैंडन किंग (23) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने गुरुवार को तीसरे टी-20 मैच में श्रीलंका को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य दिया है। यहां बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खबरा रही और पहले ही ओवर में महीश तीक्षणा ने एविन लुइस (00) को बोल्ड कर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद शे होप और ब्रैंडन किंग ने पारी को संभाला। छठें ओवर में वानिदु हसरंगा ने ब्रैंडन किंग को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। किंग ने 19 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (23) रन बनाये। रॉस्टन चेज (आठ) और शरफेन रदरफोर्ड (6) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रोवमन पॉवेल ने 27 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए (37) रनों की पारी खेली।

## पाकिस्तान ने इंग्लैंड को जीत के लिए दिया 297 का लक्ष्य

● मुल्तान,

**पाकिस्तान** ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में आगा सलमान के (63) अर्धशतक की मदद से 221 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में 36 रन पर दो विकेट खोकर संकट में फंस गया है।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही साजिद खान ने बेन डकेट को शून्य पर रिजवान के हाथों कैच आउट कराकर टीम को पहली सफलता दिला दी। चौथे ओवर में नौमन अली ने जैक क्रॉली (03) को रिजवान के हाथों कैच आउट करा इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। उस समय टीम का स्कोर मात्र 11 रन था। तीसरे दिन का खेल समाप्ति पर ऑली पोप (21) तथा जो रुट (12) रनों पर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से साजिद खान तथा नौमन अली ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और छठें ओवर में शोएब बशीर ने




अब्दुल्लाह शफीक (चार) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान शान मसूद (11) भी बशीर का शिकार बने। सईम अयूब (22) के रूप में तीसरा विकेट पर भी बशीर को मिला। कामरान गुलाम (26) को जैक लीच ने पगबाधा आउट किया। मोहम्मद रिजवान (23) रन बनाकर पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। चायकाल तक पाकिस्तान ने 135 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिए। चायकाल के बाद लीच ने 43वें ओवर में पाकिस्तान को छठा झटका दिया और सऊद शकील (31) को पगबाधा आउट कर दिया।

## प्रो कबड्डी का आगाज आज से

● हैदराबाद,

**प्रो** कबड्डी लीग 2024 (पीकेएल) का आगाज शुक्रवार को हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बेंगलुरु बुल्स और तेलुगु टाइटन्स के बीच मुकाबले से होगा।

पीकेएल 11वें सीजन का आयोजन तीन शहरों में होगा जिसमें हैदराबाद के साथ नोएडा और पुणे भी शामिल होंगे। हैदराबाद 18 अक्टूबर से नौ नवंबर तक कबड्डी मैचों के पहले चरण की मेजबानी करेगा वहीं नोएडा इंडोर स्टेडियम 10 नवंबर से दो दिसंबर तक निर्धारित दूसरे चरण का आयोजन स्थल होगा। पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीन से 24 दिसंबर के बीच अंतिम चरण का आयोजन होगा। पीकेएल सीजन 11 के प्लेऑफ की तारीखों और स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी। पुणेरी पलटन, तेलुगु टाइटन्स, बेंगलुरु बुल्स, बंगाल वॉरियर्स, यू मुंबा, हरियाणा स्टीलर्स, तमिल थलाइवाज, दबंग दिल्ली, गुजरात जायंट्स, जयपुर पिंक पैंथर्स, पटना




पाइरेट्स और यूपी योद्धा समेत सभी 12 पीकेएल टीमें लीग चरण में एक-दूसरे से दो बार खेलेंगी। सीजन तीन से पांच के बीच तीन खिताब हासिल करने वाली पटना पाइरेट्स टीम, पीकेएल इतिहास की सबसे सफल टीम है उसके बाद जयपुर पिंक पैंथर्स है जिसने 2014 में उद्घाटन संस्करण जीतने के बाद सीजन 9 में अपना दूसरा खिताब जीता था। मौजूदा चैंपियन पुणेरी पलटन, यू मुंबा, दबंग दिल्ली, बंगाल वॉरियर्स और बेंगलुरु बुल्स ने एक-एक बार पीकेएल ट्रॉफी अपने नाम की है।

## क्वार्टर फाइनल में पहुंची पीवी सिंधु

### डेनमार्क ओपन : चीनी खिलाड़ी पर 18-21, 21-12, 21-16 से जीत दर्ज की

● कोपेनहेगन,

**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने गुरुवार को डेनमार्क ओपन 2024 के राउंड ऑफ 16 में चीन की हान यू को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली हैं।

यहां खेले गये मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने 63 मिनट तक चले मैच में चीनी खिलाड़ी पर 18-21, 21-12, 21-16 से जीत दर्ज की। चीन की हान यू पर पीवी सिंधु की यह सातवीं जीत है। भारतीय शटलर पीवी सिंधु को पहले गेम में 18-21 से हारने के बाद वापसी की और दूसरे गेम में शानदार शुरुआत करते हुए बढ़त हासिल की और चीन की शटलर के खिलाफ ब्रेक से पहले तक 11-6 की बढ़त बनाते हुए गेम पर अपनी पकड़ मजूबत कर ली।

ब्रेक के बाद भी सिंधु ने अपनी लय जारी रखते हुए विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी को 21-12 से स्कोर से हराकर मैच में 1-1

#### चीन की हान यू पर पीवी सिंधु की यह सातवीं जीत

की बराबरी कर ली। तीसरा और निर्णायक गेम बेहद रोमांचक रहा। सिंधु ने 2-1 की बढ़त के साथ गेम का आगाज किया। इसके बाद चीन की शटलर ने भी वापसी करते हुए कुछ अंक जुटाए और गेम में 7-7 की बराबरी कर ली। यहां से भारतीय शटलर पर दबाव साफ दिख रहा था क्योंकि चीन की हान यू ने दो अंकों की अहम बढ़त हासिल कर ली थी। सिंधु को यह मैच जीतने के लिए गेम में बढ़त बनाने की दरकार थी और उन्होंने पहले 11-11 से बराबरी की और फिर लय हासिल करते हुए 19-16 की बढ़त लेकर चीन की शटलर को बैकफूट पर धकेला। इसके बाद सिंधु ने लगातार दो अंक हासिल करते हुए मैच को 2-1 से अपने नाम कर लिया।



## हिंदुस्तान ने डीएफसी को पटकनी दी

**नई दिल्ली, वार्ता** : डीएसए प्रीमियर लीग के एकतरफा मुकाबले में हिंदुस्तान फुटबॉल क्लब ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली फुटबॉल क्लब को 4-1 से पटकनी दी। यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए मैच में हिंदुस्तान ने लीग का अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नामी डीएफसी को खेल के हर क्षेत्र में मात दी। विजेता के लिए थांगमिन लेन मिसाओ, कुमाम रोनाल्डो सिंह, मोहम्मद आसिफ खुलीफाम और सेमिनाओ वैफी (टायसन) ने गोल जमाए। पराजित टीम का इकलौता गोल संचित ने किया। क्लब फुटबॉल में दिल्ली एफसी बड़ा नाम है लेकिन पिछले मुकाबलों में साधारण प्रदर्शन करने वाले हिंदुस्तान के खिलाड़ियों के तेवर आज पूरी तरह बदले हुए नजर आए। बेहतरीन मूव और सटीक निशानेबाजी के चलते विजेता टीम ने प्रतिद्वंद्वी की एक नहीं चलने दी। मैंन ऑफ द मैच कप्तान रोनाल्डो द्वारा फ्री किक पर जमाया दूसरा गोल शानदार रहा तो बाकी गोलों में टीम प्रदर्शन देखने लायक था। लाल रोसांगा और आसिफ के तालमेल के बाद मिसाओ ने हिंदुस्तान का खाता खोला। रोनाल्डो की दमदार फ्री किक के बाद तीसरा गोल आसिफ ने तो चौथा गोल वैफी ने किया। हालांकि लंबी सीटी से दो मिनट पहले संचित ने डीएफसी के लिए गोल किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)